दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 185 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक। सोमवार 09 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### जोधपुर की अनदेखी पर गहलोत ने सीएम को लिखा लैटर

### कन्हैयालाल हत्याकांड पर वित्त मंत्री के बयान को बताया गलत और भ्रामक



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को सीएम भजनलाल शर्मा को जोधपुर के विकास कार्यों में देरी और अनदेखी पर पत्र लिखा। लैटर में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- जोधपुर शहर की ऐतिहासिक विरासत और बुनियादी ढांचे को लेकर मैं काफी चिंतित हूं.शहर के प्राचीन तालाबों के संरक्षण और सीवरेज व्यवस्था को लेकर पूर्व में जो योजनाएं बनाई गई थीं, उनकी वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है। गहलोत ने सीएम से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहित में इन परियोजनाओं को गति दे और आगामी बजट में उचित प्रावधान करे। गहलोत ने पत्र में बताया कि जोधपुर की सीवरेज व्यवस्था के सुधार के लिए बनाई गई 300 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण योजना वर्तमान में जांच के नाम पर लंबित है। इसके कारण शहर में जलभराव और गंदगी की समस्या गंभीर हो गई है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- पंचायत निकाय चुनाव में शिक्षा की बाध्यता रखेंगे

#### खेजड़ी बचाने के लिए सरकार सख्त, अच्छा होगा राजस्थान का बजट



बढ़ता राजस्थान

**पाली।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है- सरकार की मंशा है कि पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों में शिक्षा की बाध्यता रखी जाए। वहीं दो से अधिक संतानों की बाध्यता नहीं होगी। राठौड़ रविवार को अपने पाली स्थित अपने आवास पर थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

दरअसल, इससे पहले कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा ने सदन में सवाल किया था कि क्या सरकार नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और संतान संबंधी प्रावधानों में संशोधन करने का विचार रखती है? इस पर 4 फरवरी को सरकार की तरफ से सदन में दिए जवाब में लिखा गया था कि सरकार का नगर निकायों के चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता के संबंध में वर्तमान में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 21 में प्रावधान हैं, जिनमें शैक्षणिक योग्यता के संबंध में कोई नियम नहीं है।

ऐसे में शैक्षणिक योग्यता के लिए नियमों में संशोधन किए जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने राज्य बजट को लेकर कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अच्छा काम कर रही है। बजट भी अच्छा होगा। कांग्रेस के राज में किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलती थी, अब 24 घंटे बिजली मिल रही है। पाली से दिल्ली के लिए रात्रिकालीन ट्रेन भी जल्द शुरू होगी।



# आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं : पीएम मोदी

## कहा : तमिल भाषा भारत-मलेशिया को जोड़ती है; दोस्त से किया वादा निभाने मलेशिया आया

बढ़ता राजस्थान

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का मलेशिया दौरा कर वापस लौट आए हैं। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया।

उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे।' पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, %मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।' पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया।

### पीएम मोदी ने 10वें सीईओ फोरम में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान रविवार को मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों (बी2बी कनेक्शन्स) की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई।

### पीएम मोदी के भाषण की 10 बड़ी बातें

- एमओयू सहित 11 दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ।
- भारत और मलेशिया के बीच कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।
- एआई और डिजिटल तकनीकों के साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी बढ़ेगी।
- 2025 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 18 .59 अरब डॉलर तक पहुंचा।
- भारत सरकार मलेशिया के कोटा किनाबालू में वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोलेगा।
- ऑडियो-विजुअल समझौते से तमिल फिल्मों और संगीत को बढ़ावा मिलेगा।
- मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाओं पर फोकस।
- स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति।
- आतंकवाद पर कड़ा रुख- कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।

# संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा : भागवत

## कहा : कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है; सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी।

व्यापारिक समझौतों पर मोहन भागवत ने भारत के दुनिया के कई देशों के साथ हो रहे व्यापारिक समझौतों पर बोलते हुए कहा कि आज की दुनिया में कोई देश अकेले नहीं चल सकता।



### भागवत की स्पीच की 6 बड़ी बातें

- समान नागरिक संहिता सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए।
- उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।
- घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा।
- आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है। प्रचार बारिश की तरह होना चाहिए। सही समय पर और सीमित मात्रा में।
- संघ अपने स्वयंसेवकों से आखिरी बूंद तक काम लेता है। आरएसएस के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई, जब किसी को जबरन रिटायर करना पड़ा हो।
- संघ की कार्यप्रणाली में अंग्रेजी कभी मुख्य भाषा नहीं बनेगी, क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। जहां जरूरत होती है, वहां अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जाता है। हमें अंग्रेजी सीखनी चाहिए, लेकिन मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए।

# कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन खेत में क्रैश

## दोनों पायलट ने कूद कर जान बचाई; शुरूआती जांच में इंजन खराबी वजह

बढ़ता राजस्थान

**वियजवाड़ा (एजेंसी)।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है।

जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे। मल्होत्रा रेडबर्ड एविएशन में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर हैं। वहीं, ट्रेनी पायलट की पहचान गौतम शंकर पीआर के रूप में हुई है।



# अजित पवार की अस्थियां लेकर बेटा नंगे पैर संगम पहुंचा

## पत्रकारों के सवाल पर चुप रहे; प्राइवेट जेट से परिवार प्रयागराज आया

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। बेटे जय पवार ने संगम पर पूजा-पाठ की। फिर मंत्रोच्चारण के बीच अस्थि विर्सजन किया। इस दौरान जय पवार भावुक नजर आए। वह पूरे कार्यक्रम के दौरान चुप रहे। किसी से बात नहीं की। यही नहीं, जब पत्रकारों ने जय से सवाल किए तो भी वह चुप रहे, कुछ भी नहीं कहा। पवार परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से पुणे से प्रयागराज पहुंचा था। जय पिता की अस्थियां लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। उनके हाथ में अस्थियों का बॉक्स था। एयरपोर्ट से संगम तक लंबे काफिले के साथ परिवार घाट तक पहुंचा।

Rajdhani Battery
LUMINOUS Inverter • UPS • Battery
EXIDE INDUSTRIES LIMITED

Deals in:
All Vehicle Battery, inventor & Inverter Batteries & SMF Batteries
Mohd. Islam 9314625427
Mohd. Nasir 9982625427
Email: rajdhanibattery@gmail.com
Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में अलवर टाइगर इंटरनेशनल हाफ मैराथन का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में रविवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम से अलवर टाइगर इंटरनेशनल हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा के साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने विभिन्न श्रेणियों की मैराथन को फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान मैराथन के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता श्री रणदीप हुड्डा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एलीट पुरूष एवं महिला वर्ग के विजेताओं की फिनिश लाइन पर हौसला-अफजाई की। इस दौरान उन्होंने पद्म श्री विजेता भपंग वादक श्री गफरूद्दीन मेवाती जोगी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

सम्पादकीय

# बंगाल में एसआईआर, घुसपैठियों को निष्कासित करने का काम हर हाल में किया जाए

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर की प्रक्रिया के तहत जारी मसौदा सूची से 58 लाख नाम कटने के बाद जिस तरह करीब पांच लाख लोग सुनवाई प्रक्रिया में नहीं पहुंचे, उससे यह लगता है कि नाम कटने वालों का आंकड़ा 63 लाख तक पहुंच सकता है। चूंकि एसआइआर से जुड़े दावों और आपत्तियों पर सुनवाई की समयसीमा बढ़ा दी गई है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा है। जिस तरह बंगाल में लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से कटे हैं, उसी तरह कुछ अन्य राज्यों में भी ऐसा ही हुआ है। आम तौर पर ये वे लोग हैं, जो अन्यत्र चले गए अथवा अपने पते-ठिकाने पर नहीं रह रहे या फिर जिनका निधन हो गया है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि बिहार में भी इसी कारण अच्छी खासी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए थे। अब यदि बंगाल में भी ऐसा होने जा रहा है तो ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचने का कोई मतलब नहीं कि जानबूझकर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, लेकिन ममता बनर्जी ने अपने इसी आरोप के साथ पहले तो धरने-प्रदर्शन की राजनीति की, फिर अपना पक्ष रखने वकील की हैसियत से स्वयं सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं।

इसका उद्देश्य यह संदेश देना था कि चुनाव आयोग बंगाल के लोगों के साथ अन्याय कर रहा है, लेकिन इसमें वे नाकाम रहीं। आखिर जब सुप्रीम कोर्ट एसआइआर से जुड़ी विसंगतियों पर निगाह रख रहा है और इस संदर्भ में आवश्यक आदेश-निर्देश भी दे रहा है, तब फिर मतदाता सूचियों को शुद्ध करने की इस प्रक्रिया के विरोध का कोई औचित्य नहीं। यह विचित्र ही है कि ममता बनर्जी एसआइआर में विसंगतियों को इंगित करने के बजाय यह चाह रही हैं कि यह प्रक्रिया हो ही ना। चुनाव आयोग को समय-समय पर एसआइआर की प्रक्रिया करनी ही चाहिए, क्योंकि इसी से मतदाता सूचियां दुरुस्त होंगी और दुरुस्त मतदाता सूचियां निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की बुनियाद हैं।

बंगाल में एसआइआर का विरोध इसलिए हो रहा है, क्योंकि इससे अवैध बांग्लादेशियों के नाम कट सकते हैं।

पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यदि एसआइआर के जरिये बांग्लादेशी घुसपैठिये चिह्नित हों तो उन्हें निष्कासित करने का काम हर हाल में किया जाए। यह ठीक नहीं कि भारत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को



बाहर निकालने की बातें तो बार-बार करती है, लेकिन इसके लिए कोई प्रभावी अभियान नही चलाती। समझना कठिन है कि मतदाता सूचियों में संशोधन-परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर अर्थात एनआरसी को क्यों नहीं शुरू किया जा रहा है?

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 09 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1667 - रूस और पोलैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1788 - आस्ट्रिया ने रूस के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1801 - फ्रांस और आस्ट्रिया ने लुनेविल्लै शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1824 - उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया।
- 1931 - भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
- 1941 - ब्रिटिश सेना ने लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर क़ब्ज़ा किया।
- 1951 - स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरु किया गया।
- 1962 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1973 - बीजू पटनायक उड़ीसा की राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए।
- 1979 - अफ़्रीकी देश नाइजीरिया में संविधान बदला गया।
- 1991 - लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मतदान किया।
- 1999 - यूगांडा में एड्स के टीके 'अलवाक' का परीक्षण, भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फ़िल्म 'एलिजाबेथ' आस्कर पुरस्कार हेतु नामित।
- 2001 - शिवानतरा थाइलैंड के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित, चीन-तिब्बत रेलामार्ग को मंजूरी, तालिबान का पाक से प्रत्यर्पण संधि से इंकार।
- 2002 - अफग़ानिस्तान की पूर्व तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मुत्तवकील का आत्मसमर्पण।
- 2007 - पाकिस्तान की विपक्ष पार्टी जमायती उलेमा इस्लामी ने जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की सूची से हटाया।

विशेष आलेख

# आखिर क्यों चर्चा में है 'खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन।'



सुनील कुमार महला

इन दिनों राजस्थान में खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन खास चर्चा में है। दरअसल, खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन राजस्थान के राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' के संरक्षण के लिए चलाया जा रहा एक जन-आंदोलन है। वास्तव में यह आंदोलन सोलर कंपनियों द्वारा पेड़ों की कटाई के कारण चर्चा में आया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि राजस्थान के बीकानेर और आसपास के इलाकों में सोलर पावर प्रोजेक्ट्स स्थापित करने के लिए कंपनियां बड़े पैमाने पर खेजड़ी के पेड़ों की कटाई कर रही हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि पकड़े जाने के डर से पेड़ों को रात के अंधेरे में काटकर जमीन में दबा दिया जाता है।

आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्पष्ट हैं। वे पूरे राजस्थान में खेजड़ी की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध चाहते हैं। इसके साथ ही राज्य में एक प्रभावी 'ट्री प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने की मांग की जा रही है, जिसमें अवैध कटाई पर भारी जुर्माने (?1 लाख तक) और जेल की सजा का प्रावधान हो। आंदोलनकारियों का यह भी कहना है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऐसी जमीनों का ही आवंटन किया जाए, जहां पहले से हरे-भरे पेड़ मौजूद न हों। यहां पाठकों को बताना जरूरी है कि इस आंदोलन की मुख्य और प्रभावी शुरुआत हाल ही में 2 फरवरी 2026 को राजस्थान के बीकानेर जिले से हुई। हालांकि बीकानेर कलेक्ट्रेट और करणीसर भाटियान क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने से शांतिपूर्ण धरने और प्रदर्शन चल रहे थे, लेकिन फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में इसे 'महा-आंदोलन' का रूप मिला।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2 फरवरी 2026 को बीकानेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में हजारों पर्यावरण प्रेमियों, संतों और बिश्नोई समाज के लोगों का विशाल 'महापड़ाव' शुरू हुआ। इस दिन बीकानेर के बाजार पूरी तरह बंद रहे और स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। इसके अगले दिन, 3 फरवरी 2026 को, कलेक्ट्रेट के सामने 363 संतों और पर्यावरण प्रेमियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर 'आमरण अनशन' प्रारंभ किया। यह संख्या ऐतिहासिक खेजड़ली बलिदान की स्मृति में प्रतीकात्मक रूप से चुनी गई थी। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार 5 और 6 फरवरी 2026 को आंदोलन के बढ़ते दबाव के बीच राज्य के उद्योग मंत्री के.के. बिश्नोई धरना स्थल पर पहुंचे। सरकार की ओर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में खेजड़ी की कटाई पर तत्काल लिखित प्रतिबंध लगाने तथा विधानसभा में सख्त 'ट्री प्रोटेक्शन एक्ट' लाने के आश्वासन के बाद आमरण अनशन समाप्त किया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि इस जन-आंदोलन का मुख्य केंद्र बीकानेर रहा, लेकिन इसकी गूंज पूरे पश्चिमी राजस्थान(जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर) में विशेष रूप से सुनाई दी। इस आंदोलन में न केवल राजस्थान, बल्कि हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आंदोलन को पूर्व मुख्यमंत्रियों वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत तथा हनुमान बेनीवाल जैसे प्रमुख नेताओं का भी समर्थन मिला, जिससे यह आंदोलन एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभरा।

फिलहाल आमरण अनशन समाप्त हो चुका है, लेकिन आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक विधानसभा में कानून पारित नहीं हो जाता, तब तक उनका प्रतीकात्मक धरना यानी 'महापड़ाव' जारी रहेगा। उनकी मांग है कि खेजड़ी कटाई पर लगाया गया प्रतिबंध पूरे राजस्थान में प्रभावी रूप से लागू किया जाए। यहां पाठकों को यह भी बताना आवश्यक है कि खेजड़ी संरक्षण का इतिहास राजस्थान की मिट्टी में गहराई से जुड़ा हुआ है। अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में वर्ष 1730 ईस्वी में 363 लोगों ने हरे पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इन बलिदानियों में 69 महिलाएं और 294 पुरुष शामिल थे। खेजड़ली (जोधपुर) का यह बलिदान, वर्ष 1730 ईस्वी (विक्रम संवत 1787) में घटित, विश्व इतिहास की सबसे महान पर्यावरण संरक्षण घटनाओं में गिना जाता है। यह पेड़ों की रक्षा के लिए दिया गया पहला और सबसे बड़ा सामूहिक बलिदान माना जाता है।

इतिहास बताता है कि जोधपुर के तत्कालीन महाराजा अभय सिंह को अपने नए महल के निर्माण हेतु चूना पकाने के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी की आवश्यकता थी। इसके लिए उनके कारिंदे गिरधारी दास सैनिकों के साथ खेजड़ली गांव पहुंचे और खेजड़ी के हरे पेड़ों को काटने लगे। इसका अमृता देवी बिश्नोई ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने सैनिकों को चुनौती देते हुए ऐतिहासिक नारा दिया-'सिर साठे रूंख रहे, तो भी सस्तो जाण।' अर्थात यदि सिर कटने के बाद भी एक पेड़ बचता है, तो यह सौदा भी सस्ता ही समझा जाना चाहिए।

पेड़ों को बचाने के लिए अमृता देवी सबसे पहले खेजड़ी के पेड़ से लिपट गईं। सैनिकों ने पेड़ के साथ उन्हें भी काट दिया। उनके बाद उनकी तीन बेटियां-आसू, रत्नी और भागू-और फिर उनके पति ने भी अपने प्राणों की आहुति दी। यह दृश्य देखकर पूरे गांव और आसपास के 84 गांवों के लोग उमड़ पड़े और एक-एक करके पेड़ों से लिपटते चले गए।

जब महाराजा अभय सिंह को इस भीषण नरसंहार की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत पेड़ों की कटाई रुकवाई और भविष्य के लिए एक ताम्रपत्र यानी राजकीय आदेश जारी किया, जिसमें बिश्नोई बहुल क्षेत्रों में कभी भी हरे पेड़ न काटे जाने का निर्देश दिया गया।

अंत में यह कहना उचित होगा कि खेजड़ी का केवल पर्यावरणीय ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व भी है। यह आंदोलन केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान की संस्कृति और आस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष है, जिसका वैज्ञानिक नाम 'प्रोसोपिस सिनेरेरिया' है। इसे 'रेगिस्तान का कल्पवृक्ष' कहा जाता है और यह थार मरुस्थल की पारिस्थितिकी की रीढ़ की हड्डी मानी जाती है।

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने 31 अक्टूबर 1983 को खेजड़ी को राज्य वृक्ष घोषित किया था। इसका उद्देश्य थार मरुस्थल के पारिस्थितिकी तंत्र में इसके महत्व को देखते हुए इसके संरक्षण को बढ़ावा देना था।

# नकल में अकल की कहावत सटीक भी है और बुनियादी भी

### मीडिया के क्षेत्र में "नकल में भी अकल" की सार्थकता बहुत गहरी है



विवेक वैश्णव,चित्तौडग़ढ़

*एआई के पास अपना कोई अनुभव या भावनाएं नहीं होतीं है वह तो केवल इंटरनेट पर मौजूद अरबों शब्दों, चित्रों और कोड की ही नकल करता है। कहा जाता है कि कुछ भी पूरी तरह से नया नहीं होता है।*

एआई के दौर में भी भारतीय संस्कृति की पुरानी कहावते सटीक है। पुरानी कहावतों में से एक प्रमुख कहावत "नकल में भी अकल" की कहावत आज के एआई के दौर में भी न केवल सटीक है बल्कि यह उसके काम करने के बुनियादी तरीके को भी दर्शाती है। "जेनरेटिव एआई" मौलिक रूप से इंसानी डेटा की "नकल" ही करता है लेकिन इसे प्रभावी बनाने के लिए जिस तकनीक का उपयोग होता है वह उसकी "अकल" है। एआई के पास अपना कोई अनुभव या भावनाएं नहीं होतीं है वह तो केवल इंटरनेट पर मौजूद अरबों शब्दों, चित्रों और कोड की ही नकल करता है। कहा जाता है कि कुछ भी पूरी तरह से नया नहीं होता है। एआई मौजूदा शैलियों की नकल करके कुछ नया रचता है। जब एआई बिना "अकल" लगाए केवल नकल या अनुमान लगाता है तो वह फेक फैक्ट्स पेश कर सकता है। और यहीं पर जाकर इंसान की अकल की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। एआई एक शक्तिशाली इंजन है लेकिन इसकी स्टेयरिंग इंसान के हाथ में ही है। बिना सोचे-समझे एआई के आउटपुट को स्वीकार करना "बिना अकल की नकल" है। एआई के संदर्भ में "नकल में भी अकल" का यह मतलब है कि मशीन इंसानी बुद्धिमत्ता की नकल कर रही है ताकि इंसान अपनी असली 'अकल' का उपयोग बड़े और जटिल निर्णयों में कर सके। यह तकनीक हमें दोहराव वाले कामों से आज़ाद करती है बशर्ते हम इसके द्वारा दिए गए परिणामों का उपयोग अपनी समझदारी से करें। यह तकनीक मानव मस्तिष्क की तरह काम करने की कोशिश करती है। यह तकनीक केवल शब्दों को नहीं जोड़ती है बल्कि उनके पीछे के अर्थ और भावनाओं की "नकल" करने की "अकल" लगाता है। एआई के मामले में "नकल" शरीर है और "अकल" उसकी आत्मा। बिना डेटा की नकल के एआई शून्य है और बिना एल्गोरिदम की अकल के वह केवल कचरा है। भविष्य उसी का है जो एआई की इस 'नकल' करने की क्षमता को अपनी 'अकल' से सही दिशा दे सके। मीडिया के क्षेत्र में "नकल में भी अकल" की सार्थकता बहुत गहरी है। आज के डिजिटल युग में सूचनाओं की बाढ़ सी आई हुई है। मीडिया संस्थान केवल सूचनाओं को दोहराते नहीं हैं बल्कि उन्हें किस तरह पेश करना है, इसमें अपनी 'अकल' का इस्तेमाल करते हैं। एक ही घटना को एक चैनल 'ब्रेकिंग न्यूज़' की तरह दिखाता है तो दूसरा उसका गहरा विश्लेषण करता है। खबर की नकल तो की गई लेकिन उसे स्थानीय दर्शकों के लिए कितना उपयोगी बनाया गया, यह मीडिया हाउस की बुद्धिमत्ता है। आजकल न्यूज़ चैनल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो या पोस्ट की नकल करके अपनी खबरें बनाते हैं। अगर कोई चैनल बिना जांचे-परखे किसी फर्जी वीडियो को चला दे तो वह 'बिना अकल की नकल' है जिससे समाज में भ्रम फैलता है। जब मीडिया उस वीडियो की 'फैक्ट-चेक' करता है, उसकी सच्चाई का पता लगाता है और फिर उसे प्रसारित करता है तो वह समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी और अकलमंदी को दर्शाता है।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### अनेकता का फल



शिकारी, कबूतरों की एकता की ताकत को भांप चुका था। इस बार वह अपना जाल और शिकार दोनों नहीं खोना चाहता था इसलिए उसने इस बार कई जाल बनाए और उन्हें विभिन्न स्थानों में लगा दिया। साथ ही प्रत्येक जाल में अलग-अलग प्रकार के चारे का प्रयोग किया। अब, जब ढेर सारे कबूतर एक साथ दाना चुगने के लिए आए, तब उन्हें पास-पास ही विभिन्न प्रकार के चारे दिखाए दिए। उन चारों को एक साथ या फिर अलग-अलग चुनने को लेकर कबूतरों में आपस में मतभेद हो गया। फिर कबूतर दो-चार की संख्या में बटकर अलग-अलग स्थानों पर चारा चुनने लग गए और देखते-देखते सभी जाल में फंसते चले गए। अब चूंकि एक जाल में दो-चार ही कबूतर थे, इसलिए वो पहले की तरह शिकारी के आने से पहले जाल को लेकर न उड़ सके। शिकारी के चंगुल में फंस कर सभी कबूतर अपनी भूल का एहसास कर रहे थे, लेकिन अब देर हो चुकी थी।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# इन लोगों को भूलकर नहीं खाना चाहिए केला सेहत को हो सकता है भयंकर नुकसान

मोटापा- मोटापे से ग्रस्त लोगों को केले का अधिक मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, इसमें कार्बोहाइड्रेट और शुगर की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जो आपके वजन को तेजी से बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं, तो इसका अधिक मात्रा में सेवन करने से बचें। किडनी के मरीज - किडनी के मरीजों को केले का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। दरअसल, इसमें पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है, जो क्रोनिक किडनी डिजीज के रोगियों के लिए हानिकारक हो सकती है। ऐसे में, आप किडनी से जुड़ी किसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो केले का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

सर्दी-जुकाम की समस्या -अगर आप सर्दी-जुकाम की समस्या से परेशान हैं, तो केले का सेवन न करें। दरअसल, इसकी तासीर ठंडी होती है, जिससे सर्दी-जुकाम और खांसी की परेशानी बढ़ सकती है। साथ ही, यह कफ को भी बढ़ाता है, जिससे सांस लेने में दिक्कत या अस्थमा बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीज -डायबिटीज के मरीजों को भी केले का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसमें प्राकृतिक शुगर की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से आपका ब्लड शुगर लेवल अचानक बढ़ सकता है। अगर आपको शुगर है, तो केले का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। एलर्जी की समस्या- कुछ लोगों को केले का सेवन करने से एलर्जी की समस्या हो सकती है। इसके कारण उन्हें त्वचा पर खुजली, रैशेज, सूजन और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार लेकर आएगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। अनजान व्यक्तियों से आप लेनदेन ना करें। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, जिनको लेकर आप अच्छा खासा खर्चा करेंगे। अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह ना लें।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी पुरानी इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा और आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए आय के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई अच्छी सफलता मिलेगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी का बुलवा आने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट में मिल सकता है।

**तुला**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती हैं, लेकिन आपने यदि किसी से धन को लेकर कोई वादा किया है, तो ऐसा पूरा करने में आपको समस्या आ सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढिय़ा रहने वाला है। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे और बिजनेस में भी उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे, जिससे आप काम करने में दिन-रात मेहनत करेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और आप अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाएंगे, जिससे आपका कंसंट्रेशन भी मजबूत रहेगा।

**मीन**
आज आपको काम अधिक रहने से थकान का अनुभव होगा। आपकी कोई समस्या आपकी टेंशनों को बढ़ा सकती हैं और परिवार में भी आपका अपने सदस्यों से बेवजह का लड़ाई झगड़ा पनप सकता है।

# शिव जयंती महोत्सव बना आत्मपरिवर्तन का पर्व,जन-जन तक पहुंचा शांति का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा कठमाणा रसूलपुर एवं रानोली क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं जनजागरण से भरपूर कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कठमाणा रसूलपुर में श्रद्धा एवं दिव्यता के वातावरण में शिव ध्वजारोहण एवं सत्संग सम्पन्न हुआ, वहीं रानोली में शिव संदेश रैली निकालकर जन-जन तक परमपिता परमात्मा शिव का शांति, पवित्रता एवं आत्मजागृति का संदेश पहुंचाया गया। रैली में भाई-बहनों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आध्यात्मिकता का सुंदर संदेश समाज में फैलाया।



इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी, कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के जिला संयोजक राजयोगी बीके प्रहलाद भाई, स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी, बीके पांचू भाई, बीके सीताराम भाई, बीके राजाराम भाई एवं बीके सत्यनारायण भाई की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने शिव जयंती के गहन आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिवरात्रि वह पावन घड़ी है जब परमपिता परमात्मा शिव इस कलियुग रूपी अज्ञान की काली रात में आकर आत्माओं को उनके सच्चे स्वरूप का परिचय कराते हैं। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को शरीर नहीं बल्कि चैतन्य आत्मा के रूप में पहचानता है, तब जीवन में भटकाव समाप्त होकर एक श्रेष्ठ लक्ष्य और नई राह मिलती है तथा जीवन में सतोप्रधान संस्कारों का विकास होने लगता है।

राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने 'जैसा अन्न वैसा मन' के सिद्धांत को समझाते हुए शाश्वत यौगिक खेती की विशेषताओं की जानकारी दी तथा उपस्थित सभी भाई-बहनों को राजयोग का अभ्यास कराकर आत्मिक शांति का अनुभव कराया।

कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी ने सभी अतिथियों एवं सहभागी भाई-बहनों का हृदय से आभार व्यक्त किया। समापन पर सभी ने प्रेम एवं पवित्रता के साथ ब्रह्मा भोजन ग्रहण कर ईश्वरीय स्मृति में इस पावन आयोजन को पूर्ण किया।

## विराट हिंदू सम्मेलनः झांसी की रानी जैसी बनें माता बहनें- साध्वी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रविवार को मानटाउन क्लब सवाई माधोपुर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ । शिव मंदिर बस्ती (इंदिरा कॉलोनी, बाल मंदिर कॉलोनी, केशव नगर, राजनगर, वीरेंद्र नगर, बावरिया बस्ती, बाल्मीकि बस्ती )द्वारा आयोजित सम्मेलन में जोधपुर की रामसनेही संत साहिबा, ज्ञानी अमर सिंह, देवेंद्र सिंह गुरुद्वारा सिंह सभा बजरिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख योगेंद्र, जगदीश गर्ग (जड़ावता वाले) संयोजक उपस्थित रहे । कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ.बृज बल्लभ शर्मा ने बताया कि बस्ती के इस कार्यक्रम में संघ के योगेंद्र कुमार ने परिवार की एकता ,पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, समरसता एवं सनातन धर्म की अनुसार जीवन जीने पर जोर दिया! वहीं संत साहिब ने हिंदू माता बहनों को झांसी की रानी की तरह दृढ़ एवं शक्तिशाली बनने की प्रेरणा दी। ज्ञानी अमरजीत सिंह ने सिख धर्म की जानकारी देते हुए बताया कि सनातन हिंदू धर्म की रक्षा में सिख समाज ने अनेकों बलिदान दिए। कार्यक्रम के संयोजक जगदीश प्रसाद गर्ग जड़ावता वालों ने सनातन हिंदुओं को एक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर शंकर लाल साहू, राजेंद्र कंसल, अशोक जैन ,सुशील जैन, महेंद्र गोहिल, शिवदयाल सिंघल, चंद्रशेखर जैमिनी, विनोद पाराशर, शिवदयाल खंडेलवाल, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंचायतराज चुनाव की तैयारियां : भाजपा ने नियुक्त किए विधानसभा प्रवासी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी दिनों में होने वाले पंचायतराज चुनाव की तैयारी में प्रदेश के विधानसभावार प्रवासी नियुक्त किए हैं । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कि इसी क्रम में सवाई माधोपुर विधानसभा मे गौरव फौजदार, खंडार विधानसभा में राजकुमार मीणा, गंगापुर सिटी विधानसभा मे होशियार मीणा एवं बामनवास विधानसभा में विभांशु मोदी को प्रवासी नियुक्त किया है 7 नियुक्त प्रवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक विगत दिवस भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें प्रवासी योजना के संभाग प्रभारी अर्जुन तिवाड़ी ने ग्रामीण क्षेत्र मे बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक मजबूत करने योजना तैयार की, साथ ही प्रवासियो को क्षेत्रीय पार्टी पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पंचायत चुनाव की भूमिका तैयार करने के लिए कहा । इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश जैन, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़, कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, मंडल प्रवक्ता ओमप्रकाश शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम आदि उपस्थित रहे ।

## स्व. राजेश पायलट की जयंती पर टोंक में होगा तीन दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व. राजेश पायलट की 80वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट की ओर से दिनांक 10 फरवरी से 12 फरवरी, 2026 तक टोंक स्थित अग्रवाल धर्मशाला में "नि:शुल्क दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर" का आयोजन किया जायेगा। शिविर का उद्‌घाटन मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 को प्रात: 10 बजे टोंक स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया जायेगा जिसमें श्री सचिन पायलट, पद्म भूषण डॉ. डी.आर. मेहता सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय शिविर में दिव्यांजनों को कृत्रिम हाथ-पैर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी, कैलिपर्स, सामान्य ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर एवं वॉकर का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। शिविर में चिकित्सकों की टीम भी मौजूद रहेगी जो दिव्यांगजनों की जांच करेगी। उक्त शिविर में भाग लेने हेतु दिव्यांगजनों को आधार कार्ड, विकलांग सर्टिफिकेट या यू.डी.आई.डी. प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

## साक्षरता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** रविवार को टोंक ब्लॉक में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रचार- प्रसार एवं जन- जन में साक्षरता का महत्व बताने हेतु एक साक्षरता प्रचार रथ छावनी सर्किल से रवाना किया गया। इस साक्षरता जागरूकता वाहन को अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार दीक्षित, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक अनिल चतुर्वेदी और साक्षरता ब्लॉक समन्वयक पुरुषोत्तम जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ टोंक ब्लॉक के गांवों में जाकर साक्षरता के महत्व को जन- जन में प्रचारित करेगा।



## एकता और समरसता के संकल्प के साथ सर्व हिन्दू समाज का सम्मेलन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** रविवार को ग्राम पंचायत छान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एकता और समरसता के संकल्प के साथ सर्व हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी आशाराम जाट ने बताया कि छान के श्याम मैरिज गार्डन में आयोजित सम्मेलन में प्रात: 9.00 बजे ग्राम की 251 महिलाओं ने परिक्रमा कर भव्य कलश यात्रा निकाली। बाद में चबूतरा स्थित महादेव जी पर कलश विसर्जित कर दिए गए। सम्मेलन को श्री देवाचार्य मुनेश्वर जी महाराज धुंधलेश्वर महादेव- धुंआ कला, सूर्यप्रकाश जी आचार्य और भरत जी त्रिखंड कार्यवाह ने सम्बोधित करते हुए एकता और समरसता का सन्देश दिया।



## सौर ऊर्जा उत्पादन : पीएम-कुसुम योजना के तहत रईथा खुर्द में 1.64 मेगावाट संयंत्र शुरू

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सवाई माधोपुर जिले में सौर ऊर्जा विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। जिले के रईथा खुर्द 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में 1.64 मेगावाट क्षमता का विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है। इस संयंत्र से संबंधित कृषि फीडरों को सौर ऊर्जा आधारित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी, जिससे लगभग 230 से अधिक कृषक परिवारों को सिंचाई के लिए दिन के समय नियमित बिजली मिल सकेगी। अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग अशोक कुमार बुजेटिया ने बताया कि सौर ऊर्जा आधारित आपूर्ति से किसानों को निर्बाध दिन में बिजली उपलब्ध होने के साथ ही उत्पादन लागत में कमी आएगी और कृषि कार्य अधिक सुगम होंगे। यह पहल ऊर्जा आत्मनिर्भरता के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जिले के बौंली उपखंड स्थित कोलाड़ा 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में 1.82 मेगावाट तथा बामनवास उपखंड में रामसिंहपुरा 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में 1.12 मेगावाट क्षमता और नानवास 33/11केवी सब स्टेशन क्षेत्र में 1.71 मेगावाट के विकेन्द्रित सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से बड़ी संख्या में किसानों को दिन में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। वर्तमान में सवाई माधोपुर जिले में पीएम-कुसुम योजना (कंपोनेंट-ए) के तहत कुल लगभग 6.03 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र संचालित हैं, जबकि अतिरिक्त 3.67 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों पर कार्य प्रगति पर है। सारसोप में 1.42 मेगावाट का कार्य पूर्ण हो चुका हैं तथा कोलाड़ा में 2.25 मेगावाट क्षमता के संयंत्र का कार्य अंतिम चरण में है, जो शीघ्र शुरू होने पर जिले की सौर उत्पादन क्षमता में और वृद्धि करेंगे। पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से जिले में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा उत्पादन को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की परंपरागत ऊर्जा पर निर्भरता कम होने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को नई गति मिल रही है।



## पदमपुरा में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश, टोंक से सैकड़ों श्रद्धालु हुए सम्मिलित



बढ़ता राजस्थान

**पदमपुरा/टोंक (पुरूषोतम जोशी)** । परम पूज्य दिगंबर जैन मुनि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का पदमपुरा में मंगल प्रवेश अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर टोंक से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा व विभिन्न साधनों से पदमपुरा पहुँचे तथा भक्ति-भाव से प्रभावना कर धर्मलाभ अर्जित किया। मंगल प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों, भजनों और धार्मिक वातावरण के बीच आचार्य श्री का स्वागत किया। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने उपस्थित धर्मावलंबियों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए धर्म, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि टोंक चातुर्मास के पश्चात निवाई में शीतकालीन प्रवास पूर्ण कर आचार्य श्री का पदमपुरा आगमन हुआ है। आगामी समय में पदमपुरा में पंचकल्याण महोत्सव का भव्य आयोजन आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं।

## विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय मे वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई उपखंड मुख्यालय स्थित विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय निवाई मे 7 फरवरी शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें नन्हें मुन्ने बालकों द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी संस्था द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमचंद बोहरा पूर्व सरपंच झिलाय ने की, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि त्रिलोक चंद जैन कोषाध्यक्ष श्री जैन अग्रवाल समाज, भामाशाह राधेश्याम जांगिड़, सीताराम वर्मा पूर्व जिला मंत्री एस सी मोर्चा भाजपा टोंक, महेंद्र जांगिड़ सम्मेलन अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़, जिला प्रभारी मनोज भावता, पूर्व अध्यक्ष नारायण लाल जांगिड़, उपाध्यक्ष हनुमान सूर्या, हार्मोनियम पर विष्णु बहकव रहे,कार्यक्रम मे खूब ईनाम उपहार वितरित किए गए मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन मे शिक्षा ही जीवन है का मार्ग बताया। संस्था निदेशक आर. पी. जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इस कार्यक्रम मे पधारे सभी महानुभावों का हार्दिक आभार और धन्यवाद मंच संचालन हनुमान सिंहवाडिया, मनीष बहकवा ने सयुंक्त रूप से किया । इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामचरण, प्रभारी प्रहलाद, सम्पत, रविन्दर, सोनू, संजना, लक्ष्मी सहित विद्यालय के विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत हमीरपुर में एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** उपखण्ड के गिरदावर वृत्त क्षेत्र हमीरपुर में एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे गिरवावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत हमीरपुर , अलियारी, इन्दोकिया के कृषकों पशुपालकों ने अपनी समस्याओं का समाधान एवं कृषि, उद्यानिकी पशुपालन, कृषि विभाग, सहकारिता, ग्रामीण पंचायतीराज व ग्रामीण विकास, जल संसाधन आदि विभागों से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी एवं पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया गया। शिविर में मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मिनिकिट लाभान्वित का सत्यापन किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा पंजीकरण से पशुओं की चिकित्सा, डेयरी विभाग द्वारा चेना बीजाकारी, वी बी जी रामजी योजना की जानकारी संतुलित साना, किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन प्राप्त किये गये। फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई। फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण आदि कार्य शिविर मे किये। योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। शिविर मे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि श्रीमति गीता देवी जाट प्रशासक ग्राम पचार हमीरपुर, शिवराज जार प्रशासक ग्रा.पं. अलियारी एवं जनप्रतिनिधी, एएनएम मुकेश कुमार पशुपालन कन्हैयालाल, दीपक सैनी ह्यद्गमा जालसंसाधन श्री सुमन्त जांगिड, राजू लाल, रामजस मीणा सहित समाजसेवी की गोवर्धन लाल जाट आदि उपस्थित थे।

## बाबा श्याम के पाटोत्सव महोत्सव को लेकर निकाली भव्य निशान यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित बाबा श्याम के दो दिवसीय द्वादशम पाटोत्सव महोत्सव को लेकर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि पाटोत्सव महोत्सव को लेकर रविवार को कंकाली माता मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना करके भव्य श्याम निशान यात्रा रवाना हुई। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु का सैलाब उमड़ पड़ा। निशान यात्रा शहर में चौहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, बड़ा बाजार, अहिंसा सर्किल व झिलाय रोड से होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। एक किलोमीटर लंबी निशान यात्रा में करीब 1100 से अधिक महिलाएं, पुरूष, युवक-युवतिया एवं बच्चे हाथों में श्याम बाबा का निशान थामे नाचते-गाते चल रहे थे। यात्रा के दौरान रथ में विराजमान बाबा श्याम के दर्शनों के लिए शहरवासियों की भारी भीड़ रही। जगह-जगह भक्तों ने बाबा की आरती उतारी एवं पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा सहित श्याम बाबा के जमकर जयकारे लगाए। जिससे पूरा निवाई शहर भक्तिमय हो गया। निशान यात्रा का श्याम मंदिर पहुंचने पर सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक श्याम बाबा को निशान अर्पित किए। इसके पश्चात महाआरती करके हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।



pnb
मण्डल वसूली केन्द्र, कोटा : 9ए, इण्डस्ट्रीयल एरिया, कोटा (राज.)
E-Mail : cokotasamd@pnb.co.in, Mobile No. 8420000210

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 (1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियो के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार को विशेषतः यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिग्रहण भौतिक/सांकेतिक रूप से पंजाब नैशनल बैंक - प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि, ऋणी/जमानतदार से पंजाब नैशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि (धरोहर राशि) संबंधित सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

| लोट नं. | शाखा कार्यालय / खाते का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण (बंधककर्त्ता का नाम) | (ए) 13(2) नोटिस की दिनांक (बी) बकाया ऋण राशि दिनांक तक (सी) सरफेसी अधिनियम 2002, 13(4) के तहत कब्जा दिनांक (डी) कब्जे का प्रतीक प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | (ए) आरक्षित मूल्य (रुपये लाखों में) (बी) धरोहर राशि (सी) बोली वृद्धि राशि (डी) निरीक्षण की दिनांक व समय | ई नीलामी की दिनांक व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात ऋण भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टोंक (087200) / श्री इमरान पुत्र इस्माईल | आवासीय सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं- जो संख्या 369 दिनांक 08.11.2021 वाली आवासीय संपत्ति का पूरा हिस्सा, बड़वाली हवाली के सामने, पुरानी टोंक, क्षेत्रफल 168.53 वर्ग गज में स्थित, श्री इमरान मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद इस्माइल और श्रीमती शाहिदा पत्नी इमरान मोहम्मद के नाम पर है। सीमाएँ : उत्तर : अलादीन भाई का घर, पूर्व: गली रास्ता और रईसदुन्निसा का घर, दक्षिण : रईसदुन्निसा का घर, पश्चिम : रईसदुन्निसा का घर | (ए) 21.08.2024 (बी) रु. 10,33,262.66 दिनांक 21.10.2025 तक और उस पर ब्याज (सी) 07.11.2024 (डी) प्रतीकात्मक | (ए) रुपये 19,78,000/- (बी) रुपये 1,97,800/- (सी) रुपये 10,000/- (डी) 20.02.2026 दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक | 24.02.2026 दोपहर 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

शर्ते व निबन्धन :-1. बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निम्नलिखित शर्तो और निबन्धनों के अधीन होगी। 2. सम्पत्ति को जो जहाँ है, जो जैसा है, और जो कुछ भी है के रूप में बेचा जाएगा। 3. इस अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्ति के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की प्राप्त पूर्ण जानकारी के अनुसार ही प्रतिभूत आस्तियों को ऊपर दिखाई गई तालिका के अनुसार बेचा जाएगा, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्‌घोषणा में किसी त्रृटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 4. उपरोक्त बिक्री https://baanknet.in की वेबसाईट पर दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे उपरोक्त तालिका में दर्शाए गऐ समय पर ई नीलामी के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी। 5. विक्रय की विस्तृत जानकारी हेतु व निबन्धन और शर्तो के लिए कृपया https://baanknet.in पर देखे।

दिनांक : 07.02.2026, स्थान : कोटा

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, रिकवरी विभाग

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन ऋणीयों/गारंटर्स को विक्रय की 15 दिवसीय वैधानिक सूचना

# बलकेश प्रजापति बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए बने एग्जाम वॉरियर्स

## तीन साल से दे रहे परीक्षा के टिप्स, और तनाव फ्री गाईडेंस

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** परीक्षा पे चर्चा पहल को खेलना निवासी बलकेश प्रजापति ने कुछ ख़ास बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित होकर तीन साल पहले परीक्षा पे चर्चा नामक एक ग्रुप बनाया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों बोर्ड परीक्षार्थी जो सरकारी और निजी स्कूलों में अध्ययनरत हैं, के लिए एक्जाम वॉरियर्स बन गए। प्रजापति ने परीक्षा पे चर्चा ग्रुप का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच परीक्षा के तनाव को कम करना, परीक्षा के समय क्या खाएं पिएं तथा सभी विषयों की महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तरी साझा करना है। इस अच्छी पहल ने क्षेत्र में अच्छा संदेश दिया जो छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने और बिना डरे जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं साथ ही अभिभावकों ने सराहना भी की।

# समेजा कोठी में यदि ओबीसी वर्ग की सीट आई तो भुल्लर लड़ेंगे सरपंच चुनाव

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ राजस्थान में कुछ महीनों बाद सरपंच चुनाव होने हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति फील्ड में उतर चुके हैं। हर किसी से हर रोज मिलना उनका करवा बनता जा रहा हैं। समेजा कोठी से मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजेंद्र सिंह भुल्लर ने ग्रामीणों से संपर्क करते हुए कहा कि यदि ओबीसी वर्ग में पुरुष की सीट पंचायत को आवंटन होती हैं तो सरपंच चुनाव में दावेदारी पेश करेंग। भुल्लर समेजा पंचायत में निर्विरोध वार्ड पंच रह चुके हैं।वार्ड पंच रहते हुए अपने क्षेत्र में नरेगा से संबंधित कई मुख्य विकास कार्य करवाए जिससे जनता उन्हें वापिस सरपंच के रूप में देखना चाहते हैं। राजेंद्र सिंह भुल्लर काफी वर्षों से राजनीति में बिना किसी भेदभाव के सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वर्तमान में इनका पुत्र सहकारी समिति समेजा कोठी में अध्यक्ष पद पर है। राजेन्द्र सिंह भुल्लर ने बताया कि गांव में मुख्य समस्या घरों के पानी के निकासी की है, जिससे आम रास्ते में कीचड़ रहता हैं इस समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। वहीं समेजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के साथ साथ महिला प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लगवाने का प्रयास किया जाएगा ताकि माता बहिनों को तहसील स्तर में चक्कर न लगाने पड़े। वहीं युवाओं के लिए सार्वजनिक लाइब्रेरी, जीम सेंटर, पार्क की पहल रहेगी। राजेंद्र सिंह भुल्लर नरेगा मजदूर वर्ग व मध्य वर्ग के सदैव हितैषी रहे हैं।

# सिटी मैराथन 'रन फॉर फन' का आयोजन, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** सिटी मैराथन 'रन फॉर फन' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

एक कदम फिटनेस की ओर, खुद से जीतना ही असली सफलता है के संदेश के साथ गजसिंहपुर फिटनेस क्लब द्वारा इस मैराथन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में तहसीलदार सपना सोनी, गोल्डन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कुलदीप सिंह, गौरव सोनी, भजन शर्मा, नरेश जाजू एवं जोगिंदर चावला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मैराथन में आर.एम. स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साह के साथ भागीदारी निभाई।

आयोजन समिति के सदस्य संजय जुनेजा ने बताया कि लगभग 4 किलोमीटर लंबी मैराथन आर.एम. मेमोरियल स्कूल से प्रारंभ होकर वेयरहाउस रोड, शिव मंदिर धानक बस्ती, करनपुर रोड, रायसिंहनगर रोड, बस स्टैंड गुरुद्वारा, बाबा रामदेव मंदिर रोड व स्टार सिटी कॉलोनी होते हुए पुनः स्कूल परिसर में संपन्न हुई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

# डोडा पोस्त का धंधा बेलगाम, प्रशासन मौन - नेताओं की सरपरस्ती या दबाव में सिस्टम

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ श्रीगंगानगर जिले के गजसिंहपुर कस्बे में नशे का व्यापार इन दिनों खुलेआम फल-फूल रहा है। डोडा पोस्त का अवैध कारोबार पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे बिना किसी डर के जारी है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो एक पुड़िया की कीमत 750 रुपये तक पहुंच गई है, जिसका वजन थैली सहित मात्र 100 ग्राम होता है।

गली-मोहल्लों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक यह नशा आसानी से उपलब्ध हो रहा है। तस्कर देर रात तक डिलीवरी देने ग्रामीण इलाकों में पहुंच जाते हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि नेटवर्क कितना संगठित और प्रभावशाली है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस प्रशासन की चुप्पी इस पूरे धंधे पर सवालिया निशान खड़े कर रही है।

जनता के बीच यह चर्चा आम है कि इस अवैध व्यापार को कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, या फिर स्थानीय प्रशासन नेताओं के दबाव में कार्रवाई करने से कतरा रहा है। बाजार में बिक रहे डोडा पोस्त की गुणवत्ता भी शक के घेरे में है – बताया जा रहा है कि असली डोडा की जगह अब मिलावट वाला 'चांदी पोस्त' बेचा जा रहा है, जिससे नशे की लत और भी खतरनाक होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अगर समय रहते प्रशासन जागरूक नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह कस्बा नशे के दलदल में पूरी तरह डूब सकता है। अब सवाल उठता है – कब जागेगा प्रशासन..? और क्या तस्करों पर कार्रवाई होगी या सबकुछ यूं ही चलता रहेगा..?

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय अन्डर-15 कुश्ती प्रतियोगिता प्रारम्भ

## नन्हें बच्चें व युवा कुश्ती में मेडल के लिये आजमा रहे अपना भाग्य

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री चतुर्भुज हनुमान राष्ट्रीय व्यायामशाला समिति व जिला कुश्ती संघ की ओर से रविवार से स्वर्गीय उस्ताद ओमप्रकाश सेन की स्मृति में दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-15 बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता रविवार को एम बी ग्राउण्ड के अटल बिहारी मल्टी परपज इन्डोर हॉल में प्रारम्भ हुई। केन्द्रीय कृषि मंत्री भगीरथ चैधरी ने पहलवानों से हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इससे पूर्व मंत्री चैधरी ने बजंरगबली के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं स्व. ओमप्रकाश सेन के चित्र पर पुष्पांजली की।

इस अवसर पर मंत्री भगीरथ चैधरी ने कहा कि पूर्व की तुलना में पिछले 12 वर्षो में देश के पहलवानों ने कुश्ती में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल ला कर देश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर उन्होंने पहलवानों की हौसंला बढ़ाया। समारोह में राज्य के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया भी मौजूद थे।

जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य भर से 350 से अध्यक्ष खिलाड़ी भाग ले कर 30 गोल्ड,30 सिल्वर व 60 ब्रॉन्ज मेडल के लिये अपना भाग्य आजमा रहे है। प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेताओं को सरकार की ओर से 1 लाख,सिल्वर मेडल विजेताओं को 50 हजार तथा ब्रॉन्ज मेडल विजेताओं को 25 हजार रूपयें दिये जायेंगे।

इस अवसर पर राजस्थान कुश्ती संघ के संरक्षक आई.के.दत्ता, संघ के सचिव उम्मेद सिंह, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश, राजस्थान कुश्ती संघ के पदाधिकारी आयोजन समिति के सिद्धार्थ शर्मा, प्रहलाद सिंह चैहान, देवेन्द्र साहू, समाजसेवी डॉ. प्रवीण यादव,कृष सेन,तथा जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

इस प्रतियोगिता में थर्ड अम्पायर की भांति रेफरी रखा गया है। हॉल में बड़ी एलईडी भी लगायी गई है। इस प्रतियोगिता में वर्ष 2011, 2012 एवं 2013 में जन्मे बालक एवं बालिका पहलवान भाग ले रहे है। कृष सेन ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवा पहलवानों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ कुश्ती खेल को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। प्रथम दिन प्रतियोगिता में 33 किग्रा वर्ग में हनुमानगढ़ की स्नेहा प्रथम, 39 किग्रा वर्ग में राजसमन्द की वंशिका शर्मा प्रथम,चुरू की पंकज द्वितीय, भीलवाड़ा की अंशुल विश्नोई तृतीय, 46 किग्रा वर्ग में चुरू की अंशिका प्रथम, भीलवाड़ा की संध्या विश्नोई द्वितीय, जोधपुर की कविता तृतीय, 54 किग्रा वर्ग में भरतपुर की नयना गुर्जर प्रथम, हनुमानगढ़ की आरजू द्वितीय, भीलवाड़ा कनिका टेलर तृतीय, 64 किग्रा वर्ग में अजमेर कृष्णा मलाकार प्रथम, अलवर की भूमि द्वितीय, जोधपुर की अनिता तृतीय, 41 किग्रा वर्ग में बीकानेर के हरीश सियाग प्रथम, चित्तौड़गढ़ के अजय कहर द्वितीय,भरतपुर के दक्ष सोलंकी तृतीय, 48 किग्रा वर्ग में बीकानेर के भागीरथ प्रथम, भीलवाड़ा के सुरजनाथ द्वितीय, अजमेर के युवराज तृतीय, 57 किग्रा अजमेर के डेनी माली प्रथम, भीलवाड़ा के विकास विश्नोई द्वितीय, कोटा के देवराज गुर्जय तृतीय, अजमेर के अंकित मालाकार द्वितीय, अलवर के ख्वाहिश तृतीय रहे।

# सरकार की सद्बुद्धि के लिए कर्मचारियों ने किया यज्ञ



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरुद्ध आंदोलन किया गया। महासंघ के सात संकल्पों को तत्काल पूर्ण करने की मांग करते हुए जिला मुख्यालय पर कर्मचारी नेताओं ने सद्बुद्धि यज्ञ किया। संयुक्त महासंघ जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र गहलोत ने आरोप लगाते हुए बताया कि राज्य सरकार कर्मचारी हितों को नजरंदाज कर रही है। जिससे राज्यभर में कर्मचारियो में सरकार के प्रति कड़ा रोष है। ग्यारह सूत्रीय मांग पत्र पर सरकार को सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। कर्मचारी नेता जोगेश टेलर, शंकरलाल मीना, मनोहरसिंह चौहान, सत्यनारायण बैरवा, गुरुदीन वर्मा, देशाराम मीणा, बीरजूसिंह चौधरी, मनोज शर्मा, अमरसिंह, राहुलकुमार, विनोद नैनावत, शैतानसिंह देवड़ा, बाबूलाल, त्रिलोकाराम, रामफूल मीणा, मुन्नालाल, देवाराम समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों का सरस डेयरी जयपुर भ्रमण, व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े व्यावहारिक अनुभव

बढ़ता राजस्थान




**पावटा ( नि.स. )।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रागपुरा के कक्षा 9 के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत डेयरी, पशुपालन एवं कृषि से संबंधित व्यावहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से जयपुर स्थित सरस डेयरी (जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड) का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक फील्ड विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने डेयरी में दूध संग्रहण, परीक्षण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग तथा वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। डेयरी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और सहकारी व्यवस्था की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्सुकता से प्रश्न पूछे और डेयरी संचालन की बारीकियों को समझा। विद्यालय प्राचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक से बाहर वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे उनके कौशल विकास और भविष्य की करियर दिशा तय करने में मदद मिलती है। प्रभारी व्याख्याता प्रकाश चंद गुर्जर ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाना है और ऐसे भ्रमण उसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य धनी देवी, संजीता देवी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए डेयरी प्रबंधन और कृषि आधारित उद्योगों के प्रति अपनी रुचि व्यक्त की।

# राजपूत महासभा संस्थान उदयपुर संभाग का 27वां सामूहिक विवाह समारोह कल, आज होगा महिला संगीत

## 40 जोड़े लेंगे 7 फेरेवर, वधु पक्ष से मात्र 1-1 रूपयें की शगुन राशि ली गई

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** राजपूत महासभा संस्थान उदयपुर संभाग द्वारा आयोजित 27वां सामूहिक विवाह समारोह 10 फरवरी को शहर के सूरजपोल स्थित फतह स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। राजपूत महासभा संस्थान के अध्यक्ष संत सिंह भाटी ने कार्यक्रम को लेकर रविवार को महासभा की ओर से सूरजपोल स्थित होटल देव दर्शन में प्रेस वार्ता में बताया कि यह 27वां सामूहिक विवाह समारोह ऐतिहासिक रहने वाला है। उन्होंने बताया कि अब तक 40 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है और यह विवाह समारोह पूरी तरह निशुल्क रहेगा। वर वधु से शगुन के रूप में एक रुपया लिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर 40 मंडप बनेंगे तथा 40 पंडित विधि-विधान से विवाह संपन्न कराएंगे।

भाटी ने बताया कि 10 फरवरी सुबह 9 बजे टाउन हॉल से बारात भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाली जाएगी, जिसमें वर-वधु के लिए 40 घोड़े और 10 बागियों की व्यवस्था की गई है। बैंड-बाजों के साथ वर-वधु टाउन हॉल से सूरजपोल, फतह मेमोरियल मार्ग से होते हुए फतह स्कूल ग्राउंड पहुंचेंगे। विवाह से एक दिन पूर्व 9 फरवरी को वर-वधु के लिए महिला संगीत और हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम होटल देव दर्शन में आयोजित किया जाएगा। महासभा के महासचिव प्रदीप सिंह भाटी ने बताया कि समारोह में उद्योगपति एवं समाजसेवी मेघराज सिंह रॉयल, समाजसेवी ठाकुर साहब रतन सिँह झाला, समाजसेवी राम प्रताप सिंह डिगी, पूर्व मंत्री एवं समाजसेवी प्रताप सिंह खाचरियावास, समाजसेवी कर्नल प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, युवा उद्यमी एवं समाजसेवी हिम्मत सिंह झाला, पूर्व विधायक महाराज रणधीर सिंह भींडर सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। समारोह में विभूति सम्मान, समाज गौरव सम्मान, भामाशाह सम्मान के साथ ही क्षत्रिय और क्षत्राणी सम्मान भी प्रदान किये जायेंगे।

# ढाणी ज्याजावाली में गूंजे 'हर हर महादेव' - नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( नि.स. )।** कस्बे की ढाणी ज्याजावाली में शनिवार को नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम से पहले आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शिव परिवार की प्रतिमाओं को पूरे गांव में नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं और पुरुष श्रद्धा के साथ शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना कर शिव परिवार की विधिवत स्थापना की गई।

धार्मिक अनुष्ठान के बाद ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस पावन अवसर पर रामजीलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, धर्मचंद सैनी, सुरेश चौधरी, गाडाराम सैनी, किशन लाल सैनी, मातादीन सैनी, मनोज स्वामी, बनवारी लाल, महावीर सैनी, भैरूराम सैनी, हरिसिंह सैनी, रामचंद्र सैनी, मनोज सैनी, अशोक सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान

## राज्यमंत्री ने कृष्णगंज में शिविर का किया अवलोकन



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने रविवार को कृष्णगंज में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा पात्र लोगों को समुचित लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने जनहित की कई योजनाएं संचालित की है। पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया।

कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। शिविर में मौजूद लाभार्थियों से संवाद किया तथा समस्याएं सुनी। साथ ही अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान लाभार्थियों को पट्टे, शुद्धीकरण, आवेदन पत्र, रजिस्ट्रीकरण सहित विभिन्न दस्तावेज सौंपे गए। शिविर में जिला प्रमुख अर्जुनराम, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल सहित अन्य उपस्थित थे।

### आवेदकों को किया लाभान्वित

उधर, गत 7 फरवरी को आयोजित शिविरों में पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत पंजीकरण के तहत 159, स्वामित्व कार्ड वितरण के तहत 248 एवं भू-खसरा विभाजन के लिए आवेदनों के तहत 20 को लाभान्वित किया गया। वहीं, तारबंदी के 294, पाइप लाइन के 102, उद्यानिकी योजनाओं के 7542, बीज वितरण सत्यापन के 855 आवेदको लाभान्वित किया गया।

# हथियार लहराकर वीडियो वायरल करने पर चार गिरफ्तार

## घर में घुसकर बनाया वीडियो, सोशल मीडिया पर चलाया

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** कालन्द्री थाना पुलिस ने मामावली गांव में घर में घुसकर हथियार लहराने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक घर के ताले तोड़ अंदर घुसे तथा हथियार लहराते हुए वीडियो बनाया। घर के मालिक ने इस सम्बंध में पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस के अनुसार मामावली निवासी दलपत पुरोहित ने नामजद रिपोर्ट देकर बताया कि गम 3 फरवरी की शाम को कुछ लोग उसके भाई अमृतलाल के मकान में घुसे तथा तलवार, लाठियां आदि लेकर धमकी भरे अंदाज में घर में इधर-उधर घूमते हुए वीडियो बनाया। घर के लोग गुजरात रहते हैं इसलिए अंदर कोई नहीं था। उधर, आरोपियों ने इस तरह का वीडियो बनाकर गाना सेट करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया। पुलिस ने इस मामले में घरेडा-दाता (गुजरात) निवासी कमलेश पुत्र नोणाभाई गरासिया, लक्ष्मणभाई पुत्र मालाभाई गरासिया, अम्बाजी निवासी नोकाभाई पुत्र साबुराभाई गरासिया व आबूरोड-भैंसासिंह निवासी भावला पुत्र सोनाराम गरासिया को गिरफ्तार कर लिया।

# कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत-अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा की अनुशंसा पर राजस्थान महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह ने कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी की महिला जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। इस कार्यकारिणी में टसकोला निवासी संतोष देवी यादव को जिला महासचिव तथा पंडितपुरा निवासी रेखा यादव को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ महिला जिलाध्यक्ष मंजू रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंजू रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत और नेतृत्व की रीढ़ होते हैं। महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना और पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुँचाना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। नवनियुक्त महासचिव संतोष यादव ने कहा कि वे महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, महिलाओं को संगठन से जोड़ने और सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास करेंगी। वहीं जिला उपाध्यक्ष रेखा यादव ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी और संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर बजरंग यादव फतेहपुरा, मालीराम बाड़ीगर, एनएसयूआई के विकास वर्मा, सेवा दल की सुमन यादव, छीतरमल भाटोटिया, जगदीश रामसिंह भाटोटिया, कृष्ण गुर्जर, धनश्याम गुर्जर सहित अनेक ग्रामीणजन व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़ोपल में सोमवार को विशाल रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

## विधायक विनोद गोठवाल सहित कई फिल्मी व सामाजिक हस्तियां होंगी शामिल

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ोपल में सोमवार को सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रसिद्ध कॉमेडियन राकेश लोहरा के निवास स्थान एवं बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मानवतावादी आयोजन में स्थानीय विधायक विनोद गोठवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

# मोबाइल में कैद होता बचपन रील्स में उलझता भविष्य



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** मोबाइल फोन—जो कभी सुविधा और संवाद का सशक्त माध्यम माना जाता था आज बच्चों के बचपन और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। छह माह के शिशु से लेकर युवा वर्ग तक, हर उम्र मोबाइल स्क्रीन में उलझती दिखाई दे रही है। इसी विषय पर समाजसेवी, मणि एजुकेशनल सोसाइटी की सचिव एवं प्लीज़ मॉम चाइल्ड केयर होम की अध्यापिका अनुराधा झा से विशेष बातचीत की गई।

अनुराधा झा ने बताया कि मोबाइल का आविष्कार जीवन को सरल बनाने के लिए हुआ था, लेकिन आज इसका अत्यधिक और गलत उपयोग मानव जीवन के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। लोग वास्तविक जीवन की जगह रील्स और सोशल मीडिया की बनावटी दुनिया में जीना पसंद कर रहे हैं, जिससे रिश्तों के बीच की दूरी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों में मोबाइल की लत तेजी से बढ़ रही है। संयुक्त परिवारों के विघटन, एकल परिवार, सिंगल पेरेंटिंग और आधुनिक जीवनशैली के चलते माता-पिता बच्चों को शांत रखने के लिए मोबाइल थमा देते हैं। परिणामस्वरूप मोबाइल आज बच्चों के लिए झुनझुने की तरह इस्तेमाल होने लगा है। मोबाइल के दुष्प्रभावों पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि बच्चों में कल्पनाशक्ति की कमी, एकाग्रता और याददाश्त कमजोर होना, चिड़चिड़ापन, सामाजिक व्यवहार में गिरावट और सृजनात्मकता का अभाव बढ़ रहा है। परिवार साथ रहते हुए भी एक-दूसरे से भावनात्मक रूप से कटता जा रहा है। युवाओं पर रील संस्कृति के प्रभाव को लेकर उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग घंटों रील देखने और बनाने में फंसा हुआ है। जहां पहले खेल मैदान, पुस्तकालय और सामाजिक गतिविधियां होती थीं, वहां अब केवल स्क्रीन बची है। साथ ही, कई युवा गलत प्लेटफॉर्म्स के जरिए सट्टा, नशा और असामाजिक गतिविधियों की ओर बढ़ रहे हैं, जो भविष्य के लिए खतरनाक संकेत हैं। इस समस्या की जड़ और समाधान पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि शुरुआत परिवार से होती है और समाधान भी परिवार से ही आएगा। बड़ों को पहले अपने मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखना होगा और बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना होगा। रील और वास्तविक जीवन के अंतर को समझना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। इस दिशा में मणि एजुकेशनल सोसाइटी, भीलवाड़ा द्वारा चाइल्ड सेफ्टी अभियान के तहत बच्चों और अभिभावकों की जागरूकता के लिए जिले में बेस्ट डे केयर की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य 'मोबाइल से बच्चों की दूरी, बिना मोबाइल जीवन जरूरी'के संदेश के साथ बच्चों को मोबाइल से दूर रखना, उन्हें सामाजिक बनाना, शारीरिक गतिविधियों से जोडऩा और लर्निंग एक्टिविटी के माध्यम से आधारभूत शिक्षा देना है।

# राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव से प्रेरित होकर चित्तौड़गढ़ में राजसखी मार्ट का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव से प्रेरित होकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित राजसखी मार्ट का भव्य शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद सी.पी. जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का आगाज हुआ। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, ऐसीईओ राकेश पुरोहित, जिला परियोजना प्रबंधक (राजीविका) डॉ. रमेशचंद धाकड़, डीडीएम नाबार्ड महेंद्र कुमार डूडी, संयुक्त निदेशक डॉ. शंकरलाल जाट, गौरव त्यागी, रघु शर्मा, अनिल इनाणी, शैलेंद्र झंवर सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राजसखी मार्ट का संचालन उम्मीद राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, चित्तौडग़ढ़ द्वारा किया जा रहा है। इस मार्ट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इनमें अंजीर के लड्, साबुन, मसाले, नमकीन, हस्तनिर्मित रोज वाटर, गुलाल, फ्लोर क्लीनर, टॉयलेट क्लीनर तथा विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित बैग प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। आज शुभारंभ के अवसर पर करीब 25 से 30000 की बिक्री हुईं



मार्ट की संचालिका रीना कंवर ने सांसद, विधायक, जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं राजीविका टीम का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जिले के सभी सीएफ (क्लस्टर फेडरेशन) पर इसी तरह के राजसखी मार्ट स्थापित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।

इस अवसर पर अतिथियों ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से स्थानीय उत्पादों को बाज़ार, महिलाओं को आत्मनिर्भरता तथा जिले की संस्कृति और स्वदेशी परंपराओं को राष्ट्रीय पहचान मिल रही है।

# किसान महापंचायत के प्रयासों से पलेई मोड पर लगे स्पीड ब्रेकर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत के निरंतर प्रयासों से प्रशासन द्वारा पलेई मोड पर स्पीड ब्रेकर लगाए गए है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह पलेई ने बताया कि वनस्थली मोड़ से जोधपुरिया जाने वाले सडक मार्ग पर स्थित पलेई मोड पर घुमाव होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जिससे मृत्यु भी हो चुकी है। इससे राहत पाने के लिए किसान महापंचायत द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा था। सूरजनारायण जाट ने बताया कि प्रशासन से निरंतर वार्ता करने के बाद समस्या के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर पलेई मोड पर प्रशासन द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाएं गए है। जिससे लोगों में काफी उत्साह है एवं ग्रामीणों को राहत मिली। इस अवसर पर महासचिव गोविंद चौधरी, शिवराज चौधरी, ब्रजमोहन मीणा, रतनलाल बैरवा, रामजस मीणा, दीपेंद्र सिंह, भंवरलाल मीणा, खेमराज मीणा, ढोलूराम मीणा, राजेंद्र सिंह व रामकिशन चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# भव्य कलश यात्रा से ओजस्वी विचारों तक हिंदू सम्मेलन में जागा समाज का आत्मबोध

## एकता, संस्कृति और राष्ट्रबोध के संदेश से गूंजा ब्यावर, सर्व हिंदू समाज का ऐतिहासिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर में रविवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन ने समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध की अलख जगाने का सशक्त कार्य किया। सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में संपन्न यह सम्मेलन भव्यता, अनुशासन और व्यापक जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण बना। लोकाशाह नगर, विनोद नगर, सी.एस. लोढ़ा कॉलोनी, भाटी कॉलोनी, समता नगर, परमेश्वर नगर, पन्ना कॉलोनी, लुहार बस्ती, भारती नगर, राम नगर-2, नानेश नगर सहित आसपास की बस्तियों के हिंदू समाज द्वारा यह सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुजन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, मातृशक्ति और युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्मेलन की शुरुआत प्रातः भव्य कलश यात्रा से हुई। लोकाशाह नगर स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न बस्तियों से गुजरती हुई यह यात्रा मां आशापुरा माता मंदिर पहुंची। सिर पर कलश धारण किए मातृशक्ति, भगवा ध्वज लिए युवक-युवतियां और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं से पूरा नगर जयघोष और भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा । कलश यात्रा के उपरांत दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। स्वागत उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा, संस्कार और आपसी एकता से है। आज समय की मांग है कि समाज संगठित होकर अपने मूल्यों की रक्षा करे और भावी पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़े । सम्मेलन में राजवीर ने राष्ट्र संरचना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं हिंदू समाज की ऐतिहासिक और वर्तमान भूमिका पर प्रकाश डाला। महिला वक्ता निधि चौहान ने प्रभावशाली एवं भावनात्मक शैली में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जब नारी जागृत होती है, तब परिवार, समाज और राष्ट्र स्वतः जागृत हो जाता है। उनके विचारों ने उपस्थित मातृशक्ति को विशेष रूप से प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. क्षमशील गुप्त ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में दशरथ मांझी और सावित्री जैसे प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से यह संदेश दिया कि सामान्य व्यक्ति भी असाधारण संकल्प से इतिहास रच सकता है। कार्यक्रम के दौरान संत महामंडलेश्वर डॉ. देवऋषि दास जी महाराज ने आशीर्वचनों के साथ आत्मबोध, जागृति और संगठन का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने सत्य, सेवा, सद्भाव और संस्कारों को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया सम्मेलन का मंच संचालन रूपेश कोठारी द्वारा सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष कृष्णचंद्र लड्ढा ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता, प्रशासन, मीडिया, विद्यालय प्रशासन एवं समाज के सभी वर्गों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकिशोर झंवर, बी.एल. गौड़, मनमोहन जैन, विष्णुदत्त शर्मा, नोरतमल, ग्यारसी लाल, दिनेश गुप्ता, सुरेश वैष्णव, नंदलाल भंडारी, राजेश हेड़ा, सुभाष कोठारी, धनेन्द्र डोसी, विजय राखेचा, रोहित जैन, अमित लाठी, शांतिलाल कोठारी, राजुभाई सेठिया, भगवत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं मातृशक्ति ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# विधायक कृपलानी ने नवगठित ग्राम पंचायतों का किया शुभारंभ, धोलापानी जीएसएस का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा/छोटीसादड़ी (नि.स.)।** निंबाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत धोलापानी में जीएसएस (ग्रिड सब स्टेशन) के लोकार्पण एवं ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी मुख्य अतिथि तथा भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने छोटीसादड़ी प्रवास के दौरान नवसृजित ग्राम पंचायत नावनखेड़ी एवं हमेरपुरा उर्फ दूधीतलाई का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं। गांवों का समग्र विकास ही प्रदेश और देश की प्रगति की नींव है। ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं का पूरा लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि धोलापानी जीएसएस के लोकार्पण से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ होगी, जिससे किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को राहत मिलेगी।



### दिव्यांगजनों को वितरित की ट्राई-साइकिल

कार्यक्रम के दौरान सेवा ही संकल्प के भाव के साथ दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल वितरित की गईं। विधायक कृपलानी ने कहा कि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उनके जीवन को सुगम बनाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य मिठूलाल जनवा, नाथूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष वर्दीचंद धाकड़, मंडल अध्यक्ष लोकेश धाकड़, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, पूर्व जिला परिषद सदस्य दलपत मीणा, निंबाहेड़ा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, भाजयुमो अध्यक्ष गोपाल टांक उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में उपखंड अधिकारी यतींद्र पोरवाल, छोटीसादड़ी पंचायत समिति विकास अधिकारी दिनेश मेघवाल, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वर लाल, मंडी सचिव हितेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति रही।

# करुणा केंद्र भीलवाड़ा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** करुणा अंतरराष्ट्रीय के अंतर्गत भीलवाड़ा में संचालित करुणा केंद्र के तत्वावधान में जिले में कार्यरत करुणा क्लबों का वार्षिक अधिवेशन यश विहार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अधिवेशन में पीयूष खमेसरा मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता नोरतन बंब ने की। कार्यक्रम में शांतिलाल जैन, पुष्पा गोखरू, सिम्मी पोखरणा, प्रमिला सूर्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पदम छाजेड़ (प्रचारक), भूपेश चारण तथा संरक्षक प्रेम शंकर जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले करुणा क्लबों को सम्मानित किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांबिया को प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भेरू खेड़ा को द्वितीय तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हांसियास को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय प्राथमिक विद्यालय धांधोलाई, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चेची खेड़ा तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश शांतिलाल जैन ने उपस्थितजनों को प्राणी मात्र के प्रति करुणा भाव रखने का संकल्प दिलाया। महामंत्री निर्मला सिंघवी ने जिले में संचालित करुणा क्लबों की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। करुणा केंद्र के संरक्षक प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि अधिवेशन में उपस्थित सभी करुणा क्लब प्रभारियों एवं संस्था प्रधानों का भी करुणा केंद्र की ओर से सम्मान किया गया।

# विधायक कृपलानी ने पूज्य उपाध्याय प्रवर श्री गौतममुनि जी म.सा. के दर्शन कर, आशीर्वाद लिया

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा(नि.स.)। पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने जालोर जाते समय मार्ग में श्रमण संघीय, जैन दिवाकरीय, आगम ज्ञाता, दक्षिण भूषण, उपाध्याय प्रवर पूज्य श्री गौतममुनि जी महाराज साहब के पावन दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव के श्रीमुख से प्राप्त मंगल वचनों का श्रवण कर उन्होंने आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति की। पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में बिताए गए क्षणों को अत्यंत प्रेरणादायी बताते हुए कृपलानी ने कहा कि ऐसे दिव्य संतों का मार्गदर्शन मन को सेवा, सदाचार और धर्म के पथ पर दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है। गुरुदेव के करुणामय आशीर्वाद से मन में सकारात्मकता, श्रद्धा और नवीन ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर विधायक कृपलानी के साथ झालावाड़ जिला संगठन के सह प्रभारी एवं चित्तौडग़ढ़ भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सागर सोनी ने भी मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।



## सरकार को सद्‌द्धि के लिए यज्ञ, कर्मचारियों के हक के लिए हुंकार

# 11 सूत्री मांगों को लेकर ब्यावर में संयुक्त कर्मचारी महासंघ का संकल्प सिद्धि-सद्‌द्धि यज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा ब्यावर द्वारा जिलाध्यक्ष जवरीलाल प्रजापत के नेतृत्व में एक दिवसीय संकल्प सिद्धि एवं सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष किया गया। यज्ञ में महासंघ के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने सरकार को सद्बुद्धि देने और कर्मचारियों की जायज़ मांगों की पूर्ति के संकल्प के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं जिलाध्यक्ष जवरीलाल प्रजापत ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में राजधानी जयपुर में 11 सूत्री मांगों को लेकर चेतावनी महारैली आयोजित की गई थी, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसी के विरोधस्वरूप, 11 फरवरी को बजट पेश होने से पूर्व प्रदेशभर के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 8 फरवरी को संकल्प सिद्धि-सद्बुद्धि यज्ञ कर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का आह्वान किया गया। इसी क्रम में ब्यावर जिला मुख्यालय पर महासंघ के बैनर तले 11 सूत्री मांगों एवं 7 संकल्प सिद्धि सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रमुख मांगों में— पदोन्नति विसंगतियों का निराकरण एवं 8, 16, 24 व 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करना,वेतन विसंगति दूर कर केंद्र के समान पे-वेतन लागू करना,पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करना,संविदा व मानदेय कार्मिकों को नियमित करना,पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी कर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करना निजीकरण पर रोक लगाना,कर्मचारियों के मान-सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल हैं।



**पंचवटी ने विकास की नई दिशा पकड़ी, आम सभा में पेश हुआ कार्यों का रिपोर्ट कार्ड**

# पंचवटी विकास समिति ने रखा 17 महीनों का लेखा-जोखा, बदली कॉलोनी की तस्वीर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** पंचवटी विकास समिति द्वारा कम्युनिटी हॉल परिसर में एक भव्य आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी के समग्र विकास को लेकर अब तक किए गए कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा कॉलोनीवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को खास बना दिया। समिति अध्यक्ष विक्रम झा ने अपने संबोधन में कहा कि पंचवटी क्षेत्र वर्षों से जिन मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा था, उन्हें बीते 17 महीनों में प्राथमिकता के आधार पर हल करने की हर संभव प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी के इतिहास में पहली बार पूरे पंचवटी क्षेत्र में ?3 करोड़ 35 लाख की लागत से व्यापक नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि ए व डी सेक्टर में सडक़ों का नवीनीकरण, सी व एफ सेक्टर में नई जलापूर्ति पाइपलाइन, स्मृति वन मार्ग पर वर्षों बाद स्ट्रीट लाइट व वायरिंग की व्यवस्था, पार्कों का जीर्णोद्धार तथा बच्चों व युवाओं के लिए आधुनिक क्रिकेट नेट बॉक्स और 'खेल-खेल में पढ़ाई' जैसी शैक्षणिक पहल पंचवटी के बदलते स्वरूप को दर्शाती हैं। कार्यक्रम में समिति के कोषाध्यक्ष श्री शंभू वर्मा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए समिति की वित्तीय पारदर्शिता की जानकारी दी। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्याम सुंदर जी भट्ट, श्री कैलाश जी जिंगर एवं श्री सुभाष जी आचार्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पंचवटी विकास समिति ने योजनाओं को कागज़ों से निकालकर ज़मीन पर उतारा है। वहीं डॉ. कश्मीर जी भट्ट ने भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में समिति के मुख्य संरक्षक श्री अरुण सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कॉलोनीवासियों, अतिथियों एवं समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति सचिव अभिषेक चंडालिया, मुकेश लोट, सुनील नामदेव, अशोक जिंगर, शिव शक्ति सिंह, नितिन मुलावत सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे। उपस्थित नागरिकों ने विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए समिति को निरंतर सहयोग देने का विश्वास दिलाया।



# परसीमन बाद भरतपुर विधानसभा बट सकता है, दो भागों में, भरतपुर के आरक्षित क्षेत्र बयाना, वैर, कठूमर हो सकते हैं, अनारक्षित

## '266 विधानसभा और 46 सांसद हो जाएंगे राजस्थान में फलौदी और बालोतरा होंगे नये संसदीय क्षेत्र'

### कौनसा विधानसभा क्षेत्र लेगा आरक्षित क्षेत्र का स्थान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान में जनगणना की घोषणा के बाद भरतपुर की तसवीर एक अलग ही होती दिखाई दे रही हैं। जिसमें भरतपुर का विभाजन शहरी व ग्रामीण में देखने को मिल सकता है। जिससे लोगों ने अभी से ही विधानसभा 2028 की तैयारियां शुरू कर दी हैं वैसे तो 2028 तक विधानसभा के और दावेदार प्रकट हो सकते हैं, लेकिन अगर भरतपुर विधानसभा क्षेत्र दो भागों में विभाजित होता है तो राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पुत्र डॉ. कुनाल शर्मा, आर.एल.डी से डॉ. सुभाष गर्ग वहीं दूसरी और भाजपा से समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता भी विधानसभा चुनाव लड़ने का मानस बनाये हुये हैं, लेकिन संदेय स्थिति यहां बनती है कि वे लोकसभा लडेंगे या विधानसभा। क्योंकि लोकसभा और विधानसभा में गुप्ता की जनता में अच्छी पकड बताई जाती है। डीग कुम्हेर से पूर्व कैबिनेट मंत्री , विश्वेन्द्र सिंह कांग्रेस से एवं भाजपा से डॉ. शैलेष सिंह कामां से भाजपा से नौक्षम चैधरी, और कांग्रेस से जाहिदा खान और नगर से जवाहर सिंह बेढम भाजपा व कांग्रेस से वाजिब अली , नदबई से भाजपा से जगत सिंह व कांग्रेस से भतपुर की आन बान सान के प्रतीक महाराजा विश्वेन्द्र के पुत्र अनिरूद्ध सिंह या उनकी पत्नि दिव्या सिंह , आर.एल.डी से जोगेन्द्र सिंह अबाना अपना भाग आजमा सकते हैं, इसी प्रकार वैर व बयाना विधानसभा सीट से परसीमन के बाद कौन दाबेदार होगा ये कहना अभी मुश्किल है,क्योंकि दाबेदारों की फैरिस्ट लम्बी है। कठूमर विधानसभा में कांग्रेस और भाजपा से लडने वाले उम्मीदवार अपनी शक्ति का प्रदर्शन अभी से दिखा रहे हैं, लेकिन भाजपा व कांग्रेस से कौन टिकिट लेने में सफल होगा यह कहा जाना अभी असंभव है। परिसीमन की सुगबुगाहट से प्रदेश के सांसद विधायक नए चुनावी क्षेत्र तलाशने में जुट गए हैं। राजस्थान में परीसीमन के बाद विधानसभा में 266 और लोकसभा में 46 सीटे हो जाएगी। मारवाड़ के फलौदी व बालोतरा नये संसदीय क्षेत्र बन सकते है। जोधपुर जिले की विधानसभा सीटें बढ़ सकती है। देश में जनगणना.2027 के बाद लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन प्रस्तावित है। आगामी परिसीमन में लोकसभा और विधानसभा की सीटें बढ़ने की संभावना है वहीं एक.तिहाई सीटों पर महिला आरक्षण भी लागू होगा। जनगणना की घोषणा के बाद परिसीमन की सुगबुगाहट से प्रदेश के सांसद व विधायक नए चुनाव क्षेत्र तलाशने में जुट गए हैं। सूत्रों के अनुसार कई विधायक ऊहापोह में हैं कि यदि उनकी सीट आरक्षित हुई तो कहां से चुनाव लड़ेंगे। इसी वजह से कुछ विधायक अपने जिले के साथ.साथ आसपास की ऐसी सीटों पर भी निगाह दौड़ा रहे हैंए जिससे वे जातिगत आधार पर गणित बैठाकर सीट निकाल सकें। यही हाल सांसदों का है। परीसीमन के बाद बदल जाएगा राजस्थान का राजनीतिक दृश्य में बड़ी थी सीटें।

#### राजस्थानः आखिरी बार 1977

राजस्थान विधानसभा के गठन के बाद 1952 में 160 सीटों पर चुनाव हुआ। वर्ष 1957 में इनको बढ़ाकर 176 किया गया। अजमेर रियासत के विलय की वजह से ये सीटें बढ़ाई गई।

वर्ष 1967 में सौरों को बढ़ाकर 184 कर दिया। वर्ष 1977 में 184 से बढ़ाकर विधानसभा सीटों को 200 कर दिया। इसके बाद विधानसभा सीटों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया। राज्य में 2008 के चुनाव भी परिसीमन के बाद हुए लेकिन उस समय सीटों की संख्या में बदलाव नहीं किया। विधानसभा सीटों की सीमाएं और नाम जरूर बदल गए।



#### विधानसभा में 246 विधायकों के बैठने की व्यवस्था

विधानसभा भवन में अभी 246 विधायकों के बैठने की व्यवरा है और यह संख्या करीब 50 और बढ़ाई जा सकती है। ऐसे में परिसीमन के बाद विधायकों की संख्या बढ़ती है तो भी सदन में विधायकों को बैठने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

#### 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के हिसाब से सीट बढ़ना संभव

महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत आरक्षण परिसीमन के बाद होने वाले चुनावों से मिलेगा। ऐसे में चर्चा है कि कम से कम 33 प्रतिशत सीटें बढ़ सकती हैं। यदि ऐसा हुआ तो राजस्थान में विधानसभा सीटें 200 से पड़कर 266 होना तय है।

#### परिसीमन आयोग में एक विधायक भी सदस्य होगा

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने बताया कि परिसीमन आयोग सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में बनता है। इसमें राज्यवार विधायक भी शामिल होते हैं। राजस्थान का भी एक विधायक आयोग का सदस्य होगा विधानसभा अध्यक्ष ही आयोग को विधायक का नाम भेजेंगे।

## धौलपुर का औषधीय मशरूम बनेगा उत्तराखंड की पहचान

### 'मशरूम क्वीन ऑफ इंडिया' पहुंची धौलपुर, 100 किसानो को दिया प्रशिक्षण

अभी तक 5000 महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुकी है



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मंजरी फाउंडेशन ने किसानों की आय में वृद्धि और औषधीय मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिले के 100 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण देहरादून से आई डॉ. हिरेशा वर्मा के द्वारा दिया गया 7 डॉ वर्मा देहरादून, उत्तराखंड से जुड़ी एक प्रमुख उद्यमी, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे हेन एग्रो केयर की संस्थापक हैं। डॉ. वर्मा ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र आदि राज्यों में 5000 से अधिक महिलाओं को मशरूम कल्टीवेशन का प्रशिक्षण दिया है 7 धौलपुर मे डॉ वर्मा ने किसानों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता वाले बीज (स्पॉन) चयन, रोग एवं कीट प्रबंधन, पोषण व्यवस्था तथा विपणन रणनीतियों की जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि औषधीय मशरूम स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है और इसकी बाजार में मांग निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम में प्रायोगिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे किसानों को औषधीय मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। मंजरी फाउंडेशन की रणनीति के तहत, धौलपुर में उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाला ऑयस्टर मशरूम उत्पादन शुरू होने के बाद सीधे उत्तराखंड भेजा जाएगा। उत्तराखंड की अनुकूल जलवायु और बढ़ती मांग के कारण वहाँ बाजार बेहतर उपलब्ध है, जिससे किसानों को उचित मूल्य और स्थिर आय सुनिश्चित होगी। मंजरी फाउंडेशन के टीम लीडर विनोद राजपूत ने कहा, यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सतत आजीविका सृजन का हिस्सा है। हम महिलाओं और छोटे किसानों को कम लागत वाली, कम समय वाली और लाभदायक फसल से जोड़ रहे हैं।

## 10 शहरों का न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में

### हल्की गर्मी ने बढ़ाई मौसमी बीमारियां; दिन का पारा 32.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान में लगातार तापमान बढ़ने से दिन में सर्दी का असर लगभग खत्म हो रहा है। शनिवार को हनुमानगढ़, सिरोही को छोड़कर शेष सभी जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी 15 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और तापमान इसी तरह का बरकरार रहने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सभी जगह आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। लगातार दूसरे दिन बाड़मेर का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा पाली, जालोर और जोधपुर ऐसे शहर रहे, जहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## भरतपुर में 22 फरवरी को होगा भव्य अग्रवाल अविवाहित युवक-युवती परिचय सम्मेलन

### समाज के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

बढ़ता राजस्थान

**बयाना (अमन झालानी)।** अग्रवाल समाज के वैवाहिक रिश्तों को सशक्त, पारदर्शी और सुगम बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिला अग्रवाल महासभा भरतपुर के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी को भरतपुर में एक भव्य अविवाहित युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन को समाज के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को बयाना कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में भरतपुर से पहुंचे अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों का समाजजनों द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल रहे। उनके साथ वैश्य युवा जिलाध्यक्ष मनीष गर्ग, जिला कार्यकारिणी सदस्य विशन गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल समाज बयाना के अध्यक्ष सुरेश सिंघल ने की, जबकि संचालन युवा अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष प्रदीप आर्य एवं महामंत्री विनोद गोयल ने किया। मुख्य अतिथि सीए अतुल मित्तल ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में विश्वास, पारदर्शिता और आपसी समन्वय को मजबूत करते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए युवा अग्रवाल महासभा के तहसील अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह परिचय सम्मेलन समाज के शिक्षित, संस्कारवान एवं योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाकर उनके लिए उपयुक्त वैवाहिक संबंध स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। अग्रवाल समाज बयाना के अध्यक्ष सुरेश सिंघल ने बैठक को अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण दिशा दी। बैठक में भरतपुर से आए पदाधिकारियों ने बयाना क्षेत्र के लिए बायोडाटा फॉर्म भी वितरित किए और आग्रह किया कि अधिक से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवरण भेजे जाएं, ताकि भरतपुर में होने वाला सम्मेलन समाज के लिए यादगार बन सके। इस अवसर पर अग्रसेन जयंती कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, विवेक सिकंदरा, सुरेश समोगर, अनिल गर्ग, वीरेंद्र झालानी, राजेंद्र बंसल, हितेश गोयल, विवेक गुप्ता, भगवानस्वरूप अग्रवाल, सुंदर सेठ, सुनील खानखेड़ा, दीपक परउआ, सौरभ गर्ग, चंद्रप्रकाश गुप्ता, मुरलीमोहन गुप्ता, केशवदेव, हरिओम बिंदल, हजारी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।




## 1 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर, बृज नगर विधानसभा क्षेत्र की बदली तस्वीर-जवाहर सिंह बेढम

### गृह राज्य मंत्री बेढम ने विभिन्न सड़क परियोजनाओं का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**डीग( नि.स. )।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को डीग जिले के बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री बेढम ने एसएच-14 से नौगांव तक एक किलोमीटर लंबे मार्ग, जिसकी लागत 21 लाख रुपए है, तथा कसोदा संपर्क सड़क (21.70 लाख रुपए) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला होता है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और किसानों, व्यापारियों तथा विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र बृज नगर में 1000 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर हैं। इनमें प्रमुख सड़कों का निर्माण, अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, बिजली ढांचे का विस्तार, स्कूलों में नए भवनों का निर्माण और जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने की योजनाएं शामिल हैं। उनके अनुसार इन परियोजनाओं से आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। डीग कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क मजबूत होने से गांवों तक सुविधाएं पहुंचेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। दौरे के दूसरे चरण में गृह राज्य मंत्री बेढम ग्राम गहनकर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान परशुराम की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व पर भी विचार व्यक्त किए। इससे पहले मंत्री जवाहर सिंह बेढम अपने पैतृक गांव बेढ़म पहुंचे, जहां ग्रामीणों के साथ बैठक कर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान का मंत्री ने आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्य प्रभावी रूप से पूरे किए जा सकते हैं।



## ग्राम उत्थान शिविर से मिला किसान राजकुमार को संबल

अब खेती के लिए मिलेगा ब्याज-मुक्त ऋण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं किस तरह समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं, इसकी जीवंत मिसाल ग्राम उत्थान शिविरों में देखने को मिल रही है।

ग्राम उत्थान शिविर ने जाटोली (धौलपुर) के किसान राजकुमार के लिए आशा की नई किरण जगाई है। जाटोली गांव निवासी 55 वर्षीय राजकुमार एक लघु किसान हैं, जो अपनी लगभग 3 बीघा कृषि भूमि और मजदूरी के सहारे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के कारण खेती-किसानी में उन्हें अक्सर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

खाद-बीज और कृषि आदानों की व्यवस्था के लिए पैसों की कमी उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी रहती थी। ग्राम उत्थान शिविर के आयोजन की जानकारी मिलने पर राजकुमार उम्मीद लेकर शिविर में पहुंचे। शिविर में उन्होंने ग्राम सेवा सहकारी समिति की सदस्यता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। आमतौर पर ऐसी प्रक्रियाओं में समय लग जाता है, लेकिन ग्राम उत्थान शिविर का उद्देश्य त्वरित समाधान और तत्काल लाभ सुनिश्चित करना रहा है। शिविर में मौजूद सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए राजकुमार के आवेदन को तुरंत स्वीकार किया और उन्हें मौके पर ही ग्राम सेवा सहकारी समिति की सदस्यता प्रदान की।

सदस्यता मिलते ही राजकुमार के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलकने लगी।

## महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

### 14-15 फ़रवरी को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, जयपुर में होगा महिला कांग्रेस का 'नेतृत्व-सृजन' प्रशिक्षण शिविर



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा जी के नेतृत्व में 14 एवं 15 फ़रवरी को राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा 'नेतृत्व-सृजन' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयपुर स्थित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन को लेकर रविवार को पीसीसी जयपुर में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सारिका सिंह जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, प्रशिक्षण सत्रों, व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह जी ने कहा कि नेतृत्व-सृजन प्रशिक्षण शिविर महिला कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने, संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने और उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करने का एक सशक्त मंच होगा। वहीं, महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि महिला कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर जमीनी स्तर की महिलाओं को राजनीति में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए आत्मविश्वास, दिशा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करेगा। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर राजस्थान में महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत, संगठित एवं सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। इस शिविर में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता हो सकते है शामिल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी, पूर्व उपमुख्यमंत्री,ढ्रष्ट सचिव सचिन पायलट जी, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जी के आने की संभावना है।

## शहर के तुलसी वन रोड अमर कॉलोनी के बीच पानी भराव की समस्या बरसो से परेशान है कॉलोनीवासी

### नगर पालिका ने भूखंड मालिक को दो बार दिया नोटिस, कॉलोनी वासियों का आरोप गंदे पानी में मच्छर पनपने से फैल रही बीमारी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के तुलसी वन रोड सेठ वाली बगीची के सामने अमर कॉलोनी में पानी भराव होने से लोग परेशान हैं। रविवार को परेशान नागरिको ने नगर पालिका और भूखंड मालिक के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि कई बार नगर पालिका में इस बाबत शिकायत की जा चुकी है लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। अमर कॉलोनी निवासी महिला राजेश्वरी देवी ने बताया कि उनके बच्चे बार-बार बीमार होते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि मच्छर जनित बीमारियां फैल रही हैं। ऐसे में एक बच्चे को तो गंभीर हालत में आगरा ले जाकर उपचार करना पड़ रहा है। 3 वर्ष से यहां खाली पड़े भूखंडों में पानी भर रहा है इसको लेकर ना तो भूखंड मालिक ध्यान दे रहा और ना ही शहर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने वाली नगर पालिका। कॉलोनी निवासी किशोर कुमार,कन्हैया लाल ने बताया कि पानी भराव से बच्चे भी कई बार इस पानी में गिर जाते हैं बड़े बुजुर्गो को तो परेशान हैं ही,दूसरी और मच्छर पनपने से रात को सोने में भी परेशानी होती है और मच्छर जनित बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने दो बार नगर पालिका में इसको लेकर ज्ञापन दिया है लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा। विरोध प्रदर्शन के दौरान कॉलोनी निवासी अभिषेक, सूरज, राहुल, भूरा, कालू ,महावीर शिवहरे,विष्णु सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

#### शहर में कई जगह खाली भूखंड,नागरिको को होती है परेशानी

शहर में ऐसी कई कॉलोनी है जहां धनाढ्य लोगों ने भूखंड खरीद कर डाल रखे हैं और उनमें ना तो कुर्सी कराई है नई चारदीवारी। ऐसे में कॉलोनी का पानी ऐसे भूखंडों में भरता है और कॉलोनी के लोग परेशान होते हैं। जिसको लेकर नगर पालिका में भी शिकायत की जाती है। नगर पालिका के ईओ अमिताभ मीणा का कहना है कि ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया की अमर कॉलोनी के नागरिको की दो बार शिकायत आई थी। जिसको लेकर भूखंड मालिक को नोटिस दिया है। फिर भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

## बसेड़ी रोड पर बटेश्वर खुर्द गांव के पास खेत में लगाए तारो में फंसा युवक रास्ते से गुजर रहे भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल, युवक को गंभीर हालत में धौलपुर भेजा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की बसेड़ी रोड के बटेश्वर खुर्द गांव के पास रविवार को दिन में सड़क हादसा हो गया। एक बाइक सवार युवक खेतों पर पशुओं को रोकने के लिए बांधे गए तारों में फंस गया। इस दौरान युवक के दोनों पैर बुरी तरह लहूलुहान हो गए और वह अचेत होकर सड़क पर गिर गया। घटना के दौरान रास्ते से गुजर रहे भाजपा के मंडल अध्यक्ष बिजौली रविंद्र सिंह ने जब लोगों की भीड़ को मौके पर देखा तो तुरंत गाड़ी रोक मामले की जानकारी ली और घायल युवक को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भाई साहब बिजौली मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि वह नदनपुर से वापस बड़ी लौट रहे थे इस दौरान बसेड़ी रोड पर बटेश्वर खुर्द गांव के उनको सड़क किनारे लोगों की भीड़ दिखाई दी जहां एक बाइक सड़क पर पड़ी हुई थी ऐसे में गाड़ी रोक कर जब मामले की जानकारी ली तो एक युवक का चैत अवस्था में पड़ा था जिसके पैरों में खेतों पर पशुओं को रोकने वाले तार उलझे हुए थे। उन्होंने तुरंत तारों को हटाकर घायल युवक को एंबुलेंस से बड़ी अस्पताल पहुंचाया साथ में युवक के मोबाइल से परिजनों को जानकारी दी साथ में सदर पुलिस को भी सूचना दी गई। घायल युवक की पहचान धन्नू पुरा निवासी 30 वर्षीय विष्णु पुत्र धर्म सिंह ठाकुर के रूप में हुई है। जिसकी जांच डॉ पवन गोस्वामी द्वारा की गई। उसके सिर में गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टर ने तुरंत जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। सदर थाना पुलिस ने भी अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी ली है।



## जिस बस्ती में ठाकुर जी का निवास होता है वहाँ अन्याय नहीं होता:बलरामदास

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव भग्गू का बास गांव में ठाकुर जी महाराज की मूर्ती स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस दौरान विशाल भण्डारे का आयोजन भी हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने लंगर प्रसादी पाई।ठाकुर जी की मूर्ति स्थापना के आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में आस्था का माहौल देखा गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आना शुरू हो गया था। कार्यक्रम की शुभारम्भ ठाकुर जी महाराज की नगर परिक्रमा से हुआ। सजे-धजे रथ में विराजमान भगवान ठाकुर जी महाराज की नगर परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। गांव के प्रमुख मार्गों से निकली इस परिक्रमा में महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल जा रही थीं तो पुरुष वर्ग ठाकुर जी के जयकारे लगाते हुए नजर आ रहा था। वहीं कलाकारों द्वारा भगवान की महिमा का गुणगान किया गया और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। भण्डारे की समस्त व्यवस्थाएं ग्रामीणों के सहयोग से सुचारू रूप से संचालित की गईं।इस मौके पर बलराम दास महाराज,अरुण भारती महाराज,सुरेश नाथ महाराज, सुबेदार रामसिंह, कैप्टन राधेश्याम,कृषि उपजमण्डी के प्रथम चेयरमैन माड़ाराम अधाना, रोहिताश्व अध्यापक, भूप सिंह समाजसेवी,सुगन,सत्यवीर अशोक,गुरुजी नेताजी,सुभाष रायली ,रघुवीर मालूवास, बिहारी लाल नेताजी, जगमाल बोहरा,अशोक, सतीश महासी, सुरेश आलनपुर, रतिराम सरपंच डाकला, सूबेदार जयसिंह सरपंच गोपालपुरा, हनुमान नेताजी, सुंदर ठेकेदार, हवा सिंह समाजसेवी, गंगाराम भगत जी, मादाराम भगत जी, डॉक्टर सिंगाराम,सुरेन्द्र समाजसेवी, दशरथ ठेकेदार, उम्मेद सिंह, समस्त ग्रामवासी,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में राजस्थान को स्वर्ण दिलाने वाली टीम व राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. दीपिका अरोड़ा का भव्य सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** संयुक्त शिक्षा परिवार की ओर से रविवार को शहर के नया बस स्थित बीएल पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में राजस्थान को प्रथम बार 69 वर्षों में स्वर्णिम इतिहास रचने वाली टीम, ऑफिशल, गुरु द्रोणाचार्य के रूप में राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉक्टर दीपिका अरोड़ा का चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा अति विशिष्ट अतिथि पं धर्मवीर शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील बिलखा निदेशक बीएल पब्लिक स्कूल एवं कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट विक्रम चौधरी महेंद्र चौधरी सहसंयोजक एडवोकेट अंजना तिवारी व राजेश चंदेला रहे। कार्यक्रम किस संयोजक लोकेश मिश्रा ने बताया कि राजस्थान टीम के दक्ष ऑफिशियल चंद्रवीर सिंह, गोपीचंद, राज कपूर ओझा,व छात्रा उन्नति सिंह (कैप्टन), ईशी त्रिवेदी (वाइस कैप्टन), ममता, कृति कंवर, कोमल राठौर, कल्पना शेखावत, सिमरन परवीन, जयश्री मंत्री द्वारा सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहडोली के प्रधानाचार्य राजकुमार सोनी व समस्त स्टाफ व विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जाडला ,तारा सैनी ,आशा सुमन,सुनील जैन, बिशन कालरा धनेश मीणा, हमेंद्र जैन,प्रधानाचार्य राजेश मुखिया ,सुरेश तनेजा ,गीता ठाकुर, जगजीत कौर, लीना मीना ,कविता यादव व रजनीश बंगा उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय गाडरी महासभा की बैठक 13 फरवरी को मण्डपड़ी महादेव आमेट व 16 फरवरी को कुंठवा खांखलदेवजी मंदिर परिसर में होगी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** अखिल भारतीय धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज द्वारा समाज सुधार के विभिन्न बिन्दओं को लेकर जिलें भर में बैठके आयोजित की जाऐगी। संत श्री अमरा भगत गाडरी समाज विकास संस्था के जिलाध्यक्ष किशन लाल गाडरी खिमाखेड़ा ने बताया कि इसी क्रम में आमेट सरदारगढ़ तहसील की बैठक 13 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे मण्डपड़ी महादेव मन्दिर परिसर में आयोजित होगी जिसमें आमेट सरदारगढ़ तहसील क्षेत्र के समाजजन, पंच पटेल एवं युवा मौजूद रहेंगे।

# भामाशाह हमेंशा समाज धर्म और कर्म में विश्वास रखते हैं-बलरामदास

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के भामाशाह एडवोकेट राकेश कुमार ने उपखण्ड क्षेत्र के गाँव नवलपुरा में स्थित अंजना आदर्श विद्या मंदिर में आचार्य बलराम दास जी के मुख्य अतिथ्य में उमंग महोत्सव वार्षिक उत्सव 2026 मनाया गया।इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि बलरामदास महाराज ने कहा कि भामाशाह हमेंशा समाज धर्म और कर्म में विश्वास रखते हैं। जिसके कारण ही समाज और धर्म जिन्दा है। मैं धन्यवाद देना चाहूँगा भारत माता को जिन्होंने अपनी कोख से ऐसे लोगों को पैदा किया जो अपने लिए नहीं बल्कि समाज और धर्म के लिए जिन्दा हैं। उन्होंने कहा कि आज मुझे जो कुछ देखने को मिला वह एक मिशाल है, जैसे कि भामाशाह मातादीन पनिहार !उन्होंने आह्वान किया कि नवलपुरा वीरों और भामाशाहों की धरती है यहाँ ऐसे वीर और भामाशाह पैदा होते रहे हैं और होते रहेंगे।कार्यक्रम में 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उमंग पुरस्कार वितरित किया गया। जिसमें अनामिका 92प्रतिशत व कोमल 90प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सामाजिक कार्यकर्त्ता एडवोकेट राकेश कुमार की और से साइकिल व 21सौ रुपए की आर्थिक मदद देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर भाजपा नेता व भारत सरकार द्वारा स्थाई राजकीय अभिभाषक एडवोकेट सुबेसिंह मोरोड़ीया का भी सम्मान किया गया।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मरुधर शिक्षा ग्रुप के निदेशक रतिराम यादव, आरसीआई शिक्षा ग्रुप के निदेशक डॉ विजय यादव, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अजय यादव, संदीप सिंह,संतोष सिंह,उदय सिंह ,गिरधारी स्वामी ,दिनेश कुमार ,जगमाल यादव ,लक्ष्मण सैनी,राधेश्याम आर्य ,मुकेश मीणा ,लालाराम आर्य ,कृष्ण हवलदार प्रेम प्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच उमराव लाल यादव ने की। वहीं कार्यक्रम का संचालन कवि संजय राज तथा एंकर यादराम यादव ने किया।

# राजस्थान के डॉक्टर सरकारी अस्पताल से कुत्ते भी भगाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर,(नि.स.)।** राजस्थान में डॉक्टर मरीज को देखने के साथ-साथ अस्पताल में अब कुत्ते भी भगाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना के तहत इस तरह के आदेश जारी किए गए हैं जिसमें कि अब अस्पताल परिसर में कुत्ते ना आए इसकी रोकथाम और उनको पकड़वाने की जिम्मेदारी अस्पताल के चिकित्सकों की होगी ।इसके लिए बतौर नोडल ऑफिसर अस्पताल के डॉक्टर को नियुक्त किया गया है ।जोधपुर और जैसलमेर में ऐसे आदेश अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिसमें की डॉक्टर को अस्पताल परिसर में कुत्तों को भगाने का आदेश दिया गया है।

सरकारी अस्पताल परिसर में कुत्ते न आएं इसकी रोकथाम और इन्हें पकड़वाने की जिम्मेदारी इन डॉक्टर्स की रहेगी ।हॉस्पिटल में आवारा कुत्तों को हटवाने या उनकी एंट्री रोकने के लिए निगम के साथ कॉर्डिनेट करने के लिए अस्पताल से जुड़े एक डॉक्टर को नोडल अधिकारी बनाया गया है । अभी जोधपुर के प्रतापनगर और मंडोर सैटेलाइट हॉस्पिटल के साथ जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल में आदेश के तहत लागू की गई है । इसको लेकर चिकित्सकों के अलग-अलग बयान भी सामने आए हैं लेकिन खुलकर कोई बोल नहीं पा रहा।इधर जैसलमेर पीएमओ के अनुसार राज्य सरकार का निर्देश है कि हॉस्पिटल में कुत्ते नहीं होने चाहिए । इसलिए हमने नोडल अधिकारी नियुक्त किया है । जोधपुर के भी प्रताप नगर और मंडोर सेटेलाइट हॉस्पिटल में नोडल अधिकारी चिकित्सकों को लगाया गया है उनकी ड्यूटी होगी कि अस्पताल में कुत्ते नहीं आए।गेट बंद रहे और जहां भी चार दिवारी से कुत्ते आ रहे हैं , उन्हें रोका जाए । हॉस्पिटल में कुत्तो की संख्या ज्यादा होने पर चिकित्सक नगर निगम निकाय के सहयोग से कुत्तों को अस्पताल परिसर से हटाएंगे।

# गौवंश की सुरक्षा के लिए हमेंशा तत्पर रहा पंसारी परिवार:पंसारी

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री गिरधारी दास गौशाला समिति को गौमाताओं की सेवा के लिए एक ट्रैक्टर ट्रॉली रमेश पंसारी पुत्र स्व. मुरारी लाल पंसारी निवासी बानसूर हाल निवासी दिल्ली द्वारा सप्रेम भेंट की गईं।यह पुनीत कार्य वैश्य समाज के संरक्षक अशोक कुमार पंसारी निवासी बानसूर एवं रमाकांत बोहरा की सत प्रेरणा से यह पुनीत कार्य किया गया। गौशाला समिति में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए अशोक कुमार पंसारी ने कहा कि पंसारी परिवार गौसेवा के लिए तत्पर रहा है और रहेगा। हमारे परिवारों में आज भी गौवंश की सुरक्षा के लिए गौपालन होता है और होता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मैं स्वयं नहीं कहता बल्कि पूरा समाज जानता है। पंसारी ने कहा कि यदि हम सही मायने में हिन्दू हैं तो हमारे घर पर गौवंश होना बहुत ही आवश्यक है। लोग ढोंग की माला जपकर हिन्दू धर्म के रक्षक होने का ढोंग करते हैं वे सही मायने में मुझे उन्हें हिन्दू कहने में भी शर्म आती है।इस मौके पर अशोक कुमार पंसारी द्वारा उक्त ट्रॉली का विधि विधान से पूजन भी किया गया।उन्होंने उपस्थित गौशाला समिति के समस्त कार्मिकों एवं व्यक्तियों को लड्डू खिला कर मुँह मीठा भी करवाया। वहीं पंसारी ने गौशाला कर्मचारियों को उत्तरप्रदेश के विशेष श्रेणी के गुड़ के पैकेट प्रदान किए। इस मौके पर संतोष बबेरवाल, पं.दीनदयाल पानवाला, सेवानिवृत अध्यापक राजेन्द्र बारी, प्रेमचंद दीक्षित,अनूप बोहरा,गौशाला समिति की ओर से महेशचन्द ढांचोंलिया,रघुवीर सिंह शेखावत,डॉ मनोज यादव, दिनेशचन्द्र सिंघल,शुभम सिंघल, मैनेजर अनिल घाटवाल, ललित जांगिड़, बिहारी लाल पंच, मुकेश जी गोयल नेता,नमोनारायण जैन एवं गौशाला के कर्मचारी मौजूद रहे गौशाला समिति द्वारा अशोक कुमार पंसारी का कोटि-कोटि आभार प्रकट किया गया एवं प्रेरक रमाकांत बोहरा का समिति की ओर से आभार ज्ञापित किया गया।

# हजारों पंछियों का आशियाना बना बाला दंपति का घर



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** आमतौर पर लोग जमीन खरीदते हैं तो अपने सपनों का मकान बनाने के लिए, लेकिन राजसमंद जिले के कांकरोली स्थित गोवर्धन बिहार में रहने वाले रानी बाला और हरदन बाला ने इंसानियत की एक अनोखी मिसाल पेश की है। बाला दंपति ने अपने मकान के साथ-साथ पक्षियों के लिए अलग से जमीन खरीदकर वहां स्थायी पक्षी बसेरा तैयार किया है।इस बसेरे में हजारों पक्षियों के लिए पेड़-पौधे लगाए गए हैं, दाना-पानी की नियमित व्यवस्था की गई है और 100 से अधिक घोंसले लगाए गए हैं, जिनमें अंडे और चूजे सुरक्षित पल रहे हैं। सुबह और शाम यहां का दृश्य बेहद मनोहारी होता है, जब 10 हजार से अधिक तोते, साथ में कबूतर, गौरैया और अन्य पक्षी दाना चुगाने पहुंचते हैं।पिछले करीब 5 वर्षों से बाला दंपति निरंतर इस मूक सेवा में जुटे हुए हैं। प्रतिदिन सुबह और शाम करीब 50 किलो दाना पक्षियों के लिए रखा जाता है, जिसकी पूरी व्यवस्था दंपति अपनी आय से करते हैं। इनके सेवा भाव से प्रेरित होकर मोहल्ले के लोग, मित्र और पक्षी प्रेमी भी इस पुनीत कार्य में सहयोग कर रहे हैं।यह स्थान अब क्षेत्र में 'अनेक प्राणी बसेरा' के नाम से पहचाना जाने लगा है। पंछियों की चहचहाहट से पूरा इलाका गुलजार रहता है और इसे देखने के लिए रोज़ बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। बाला दंपति के बाहर रहने पर भी पड़ोसी इस सेवा कार्य को जिम्मेदारी से निभाते हैं। बेजुबान पंछियों के प्रति समर्पण और सेवा भावना को देखते हुए रानी बाला को जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित भी किया जा चुका है। पक्षियों की सेवा अब इनके लिए केवल शौक नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। भीड़ और प्रदूषण भरे माहौल में यह पक्षी बसेरा लोगों के लिए सुकून का ठिकाना बन गया है, जहां कुछ पल रुककर पंछियों की कलरव सुनना मन और आंखों—दोनों को शांति प्रदान करता है।

# नया गांव बोलका में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजा पंच परिवर्तन का शंखनाद

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कस्बे के समीपवर्ती नया गांव बोलका में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति और पंचपरिवर्तन की पालना करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता व हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं सत्संग का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत गौ सेवा प्रमुख ने हिंदू संस्कृति की विशेषताएं बताते हुए लोगों को इसकी पालन करते हुए अपने बालकों तक यह संस्कार बनाए रखने का आह्वान भी किया। उन्होंने पांच परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा की सामाजिक समस्या के लिए सभी को साथ आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की सामाजिक समरसता का काम भाषण से नहीं अपने व्यवहार से आएगा। वहीं उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया। मुख्य अतिथि महाराज बाबा बालक नाथ जी योगी ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मोबाइल के सदुपयोग करने के साथ ही अपने बच्चों के साथ वार्ता करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज परिवारों में दूरियां बढ़ रही है यदि हम बच्चों को समय देंगे तो बच्चे देश के अच्छे नागरिक बनकर तैयार होंगे। कार्यक्रम से पूर्व श्रीचंद्पुरा, काली पहाड़ी, डांगरवाड़ा, नयागांव बोलका व बडला गांव में अलग-अलग स्थान से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में महिलाएं भजनों पर नाचते हुए सम्मेलन स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में साथ चल रहे लोगों के हाथों में ध्वजा आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर बच्चों एवं युवाओं की भीड़ लगी रही।

# भारत के स्व को पहचाने हिंदू समाज- हमारी भाषा, वेशभूषा, भोजन और संस्कृति हमारे लिए गर्व का विषय- डॉ सिद्ध

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** रविवार को टहला तहसील के रामपुरा गांव में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा गाँव के मुख्य मार्गों से निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.अभिमन्यु सिद्ध ने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट और संगठित करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि आज हमारा समाज अपनी भाषा, भूषा, भोजन एवं संस्कृति को छोड़ता जा रहा है। आज युवा पश्चिमीकरण के कारण अपनी भारतीय संस्कृति को भूलता जा रहा है। इसलिए डॉ.सिद्ध ने लोगो से अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करने और उसे अपने जीवन में फिर से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज हमें परिवारों में राम जैसा पुत्र,सीता जैसी पुत्री, लक्ष्मण- भरत जैसे भाइयों की आवश्यकता है, जिससे भारतीय संस्कृति अनवरत रूप से प्रवाहमान होती रहे।डॉ. सिद्ध ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को बताते हुए लोगो को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलवाया। साथ ही इस दौरान लोगों ने तिलदह धाम को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लिया तथा वहा धार्मिक आयोजनों के लिए बर्तन बैंक बनाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान जिला कार्यवाह वेद प्रकाश शर्मा ने पंच परिवर्तन - सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य पर बल देते हुए लोगों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प दिलवाया। आज हमे संगठित रहने की आवश्यकता है ताकि हमारी परिवार व्यवस्था बनी रहे। हिन्दू समाज अपने मध्य व्याप्त समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करे और समाज एकजुट होकर सशक्त बने। इस दौरान पूरा वातावरण भारत मां के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती के बाद सभी को अल्पाहार वितरित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के दौरान आसपास के गांवों के हिन्दू समाज के महिला पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण वशिष्ठ ने की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हिन्दू सम्मेलन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि हिंदू समाज के सभी जाति बिरादरी के लोग अपने मतभेदों को भूलकर साथ बैठे और अपने हिंदू समाज की प्रगति के विषय में विचार विमर्श किया। कार्यक्रम के आयोजन में सकल हिंदू समाज ने योगदान दिया। कार्यक्रम के आयोजन समिति में राजेश, राजेन्द्र जैमन, भैरूराम मीना, कालूराम मीणा,सचिन,मुकेश राणा, रमेश ठेकेदार, भानु सेन, लोकेश,तनिष्क,छोटेलाल , विक्रम भिंडा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नेत्र हैं तो संसार है यदि नेत्र की ज्योति गईं तो संसार गया : मीणा

## नेत्र रोगियों के लिए लगाया गया सोनाली हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सैन्टर की ओर से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहपुर में रविवार को सोनाली हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बानसूर द्वारा निःशुल्क नेत्र जाँच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने किया गया।यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू हुआ।जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और शिविर में आंखों से संबंधित सभी प्रकार की जांच पूरी तरह निःशुल्क की गई और जरूरतमंद मरीजों को दवाईयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में 187 ग्रामीणों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा कर चिकित्सकीय परामर्श लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजू मीणा ने कहा कि नेत्र हैं तो संसार है। यदि नेत्र ज्योति ही चली गईं तो संसारभी चला गया क्योंकि हम दुनियां को देख ही नहीं सकते। वहीं सोनाली हॉस्पिटल के इंचार्ज डॉ सुभाष यादव ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है,जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर शहरों में न जाना पड़े। शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा आधुनिक मशीनों के माध्यम से मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। साथ ही जांच के बाद मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार उचित परामर्श एवं दवाईयाँ भी निःशुल्क प्रदान की गई। साथ ही मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए भी मरीजों का चयन गया है।

### अदालती नोटिस

न्यायालय, बअदालत, अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं0-1 कानपुर नगर।
(नमूमा काबिज फ्रोख्त)
सम्मन वास्ते करदार उमूर तनकीह तलब
(आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद संख्या- 2115/2025

नरसिंह चौरसिया वयस्क उम्र 39 वर्ष पुत्र श्री राम मिलन चौरसिया मूल निवासी ग्राम नगरहा पोस्ट असौली थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर उ0 प्र0 व वर्तमान निवासी म0 नं. 16/17 जी. सिविल लाइन्स कानपुर नगर
--- वादी

बनाम

श्रीमती सुनीता चौरसिया पुत्री श्री राम वृक्ष चौरसिया पत्नी नरसिंह चौरसिया निवासिनी मोहल्ला बेवरीटीचर्स कालोनी थाना गोला बाजार जनपद गोरखपुर हाल पता- फ्लैट नं0 804 पाइन अपार्टमेन्ट कोस्मोस ग्रीन सोसाइटी अलबर बाईपास रोड भिवाडी अलवर राजस्थान 301019
--- प्रतिवादिनी

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा-13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 9-3-2026 को दिन में 10,00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इश्तगलाल करना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 2-2-2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
मुंसरिम /रीडर,
अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कक्ष सं0-1 कानपुर नगर

# प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर राज्य सरकार निरंतर कर रही कार्य : सीएम

## अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान को समर्पित ग्राम उत्थान शिविर

### वीबी जी राम जी कानून से गांवों का बुनियादी ढांचा होगा मजबूत : शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान, श्रमिक और पशुपालकों सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के हर गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सरकार स्वयं पात्र लाभान्वितों तक पहुंच रही है और संबंधित कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। श्री शर्मा रविवार को रामगढ़ के ग्राम बहाला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अलवर शहर के लिए 152 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े लोकार्पण और शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

#### गांव बन रहे आत्मनिर्भर और सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में देश की आत्मा बसती है। इसी मूल मंत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की रूपरेखा बनाई है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से गांवों को खुले में शौच से मुक्ति मिल रही है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के मकान और जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के कार्य किए जा रहे हैं।

#### विकसित भारत का संकल्प होगा साकार

श्री शर्मा ने कहा कि वीबी जी राम जी कानून में ग्रामीणों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस कानून के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ और आधुनिक तकनीक के माध्यम से होंगे, जिससे श्रमिकों की मजदूरी सीधे उनके खाते में पहुंचेगी। स्थायी संपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांवों का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में नरेगा की खामियों को दूर किया गया है। यह कानून विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।



#### राजस्थान में 9 हजार रुपये की किसान सम्मान निधि

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालकों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारंभ की है। इसके माध्यम से पशुओं का पंजीकरण हो रहा है और तत्काल स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने की दिशा में प्राथमिक और डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण किया जा रहा है। वहीं, महिलाओं को संबल प्रदान करने के दृष्टिगत दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 9 हजार रुपये की राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

#### 1 हजार 800 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 1800 से ज्यादा ग्राम उत्थान शिविर लगाकर ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इन शिविरों में 1 लाख 34 हजार से ज्यादा सॉइल हेल्थ कार्ड और 65 हजार से अधिक स्वामित्व कार्ड के वितरण के साथ ही 37 हजार किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन लिए गए हैं।

#### 1 लाख युवाओं को सरकारी नियुक्तियां, 1 लाख 54 हजार भर्तियां प्रक्रियाधीन

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, इस वर्ष के लिए 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। सभी प्रतियोगी परीक्षाएं एवं नियुक्तियां पारदर्शिता के साथ हुई हैं। श्री शर्मा ने युवाओं से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नवीन युवा नीति भी लेकर आई है, जिसमें युवाओं को बिना ब्याज का ऋण दिया जाएगा। इससे युवा रोजगार प्रदाता बनेंगे।

**विकसित राजस्थान का मार्ग हो रहा प्रशस्त – केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री**–केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से डेयरी, सौर ऊर्जा आदि के कार्य सुगमता से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण की अवधारणा के अनुरूप प्रदेश में जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। सबका साथ, सबका विश्वास सुनिश्चित करते हुए विकसित राजस्थान का मार्ग तेजी से प्रशस्त हो रहा है। श्री यादव ने अलवर में साढ़े 5 लाख लीटर क्षमता की डेयरी के लिए 250 करोड़ रुपये की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अलवर जिले का निरंतर विकास हो रहा है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, अलवर शहर में जलापूर्ति, कन्या महाविद्यालय जैसी महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं।

## जापान चुनाव- एग्जिट पोल में पीएम तकाइची को बड़ी बढ़त

### 465 में से 328 सीटें मिलने की उम्मीद; कहा- हारी तो इस्तीफा दे दूंगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान में रविवार को आम चुनाव के लिए वोटिंग पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री साने तकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत मिलती दिख रही है।

सरकारी ब्रॉडकास्टर एनएचके के एग्जिट पोल के मुताबिक एलडीपी को निचले सदन की 465 में से 274 से 328 सीटें मिल सकती हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा हैं।

एलडीपी के नेतृत्व वाला गठबंधन सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी (इशिन) के साथ मिलकर 366 सीटें जीत सकता है। फिलहाल गठबंधन के पास 233 सीटें हैं, और अगर यह 310 सीटें जीत लेता है तो ऊपरी सदन में विपक्ष के नियंत्रण के बावजूद कानून पास करने की ताकत मिल जाएगी। तकाइची ने कहा है कि अगर गठबंधन बहुमत खो देता है तो वह इस्तीफा दे देंगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी तकाइची को समर्थन जता चुके हैं।

#### तकाइची ने चीन के खिलाफ रुख मजबूत किया

तकाइची ने चीन के खिलाफ मजबूत रुख अपनाते हुए सैन्य खर्च बढ़ाया है, आर्थिक पैकेज और टैक्स कटौती की घोषणा की है। उन्होंने खाद्य पदार्थों पर 8त्न सेल्स टैक्स को दो साल के लिए निलंबित करने का वादा किया है ताकि बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत मिले।

रणनीतिक सलाहकार कंपनी एफजीएस ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर सेइजी इनाडा के मुताबिक, 'अगर तकाइची बड़ी जीत दर्ज करती हैं, तो उन्हें टैक्स में कटौती जैसे अहम फैसलों को लागू करने की आजादी मिलेगी।'

#### ट्रम्प बोले थे- तकाइची शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता

डोनाल्ड ट्रम्प ने 5 फरवरी को एक पोस्ट में साने तकाइची को पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने तकाइची को मजबूत, शक्तिशाली और बुद्धिमान नेता कहा, जो अपने देश से सच्चा प्यार करती हैं और जापान के लोगों को निराश नहीं करेंगी।

ट्रम्प ने बताया कि वह 19 मार्च 2026 को व्हाइट हाउस में तकाइची से मुलाकात करेंगे। यह समर्थन जापान के 8 फरवरी 2026 के चुनाव से ठीक दो दिन पहले आया है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान के किसी नेता को चुनाव में खुलकर समर्थन दिया है।

#### गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार

## सीएम हिमंता के आरोप- कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध



बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था।

#### गौरव गोगोई बोले- हिमंता ने असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की

असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी।

## जयपुर के परकोटे में निर्माण पर दो विधायक भिड़े

### बालमुकुंदाचार्य ने कहा-दीवार तोड़कर हो रहा अतिक्रमण, कागजी बोले- शर्म नहीं आती क्या महाराज?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एक बिल्डिंग की छत निर्माण को लेकर दो विधायक भी आमने-सामने हो गए। विधायक बालमुंकुदाचार्य ने कहा- पुरातत्व को बचाओ। अजमेरी गेट-घाटगेट पर अवैध निर्माण हो रहे हैं। यहां चांदपोल में बिल्डिंग एक समान रंग में नहीं हैं।

सरकारी सब्जी मंडी में 4 बाई 4 का अतिक्रमण है। किशनपोल विधायक ने इसके लिए 20 लाख रुपए भी दिए। परकोटा क्षेत्र की दीवार तोड़कर इसे 400 गज का करने का प्रयास किया जा रहा है, ये गलत है।

इस पर मौके पर मौजूद किशनपोल विधायक अमीन कागजी भड़क गए, उन्होंने कहा- – मैंने मंदिरों के काम करवाए, तब आप नहीं आए। तब आपको परकोटा नहीं दिखा। तब कहां थे महाराज। शर्म नहीं आती क्या?

मामला रविवार सुबह 11 बजे चांदपोल गेट के पास परकोटा क्षेत्र का है। इसको लेकर अमीन कागजी ने जयपुर कमिश्नरेट में शिकायत दी है। वहीं जयपुर नॉर्थ पुलिस ने माहौल बिगड़ने की आशंका पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया है।



**परकोटा क्षेत्र में बिल्डिंग की छत निर्माण पर भिड़े दो पक्ष**-एडि. डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह ने बताया- संजय सर्किल स्थित सब्जी मंडी परकोटा क्षेत्र में एक भवन में निर्माण चल रहा है। नगर निगम ने इस भवन की छत निर्माण का वर्कऑर्डर जारी किया है। रविवार सुबह करीब 11 बजे छत निर्माण की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। निर्माण का विरोध कर रहे लोगों ने कहा- परकोटा के पास इस प्रकार से निर्माण नहीं हो सकता। जबकि दूसरे पक्ष ने कहा- निर्माण कार्य को अवैध बताकर रोका जा रहा है। दो पक्षों के आमने-सामने होने की सूचना पर पुलिस आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर मामला शांत करवाया। माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए एहतियात के तौर पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। वर्कऑर्डर सही है या नहीं, पुलिस की ओर से इसकी जांच की जा रही है।

## वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को अब मिलेगा 10 लाख का बीमा फ्री, श्राइन बोर्ड की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू (एजेंसी)।** श्रीमाता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा में माता वैष्णो देवी को समर्पित वैश्विक आध्यात्मिक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के माता वैष्णो देवी जी को समर्पित शक्ति संग्रहालय के निर्माण की प्रारंभिक अवधारणा को श्राइन बोर्ड ने एशियन हेरिटेज फाउंडेशन के परामर्श से मंजूरी दी है। यह प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय कटड़ा के नटाली क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा, जो अपने आप में पहला होगा और एक धार्मिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से पौराणिक कथाओं को परंपरा और नवाचार के संगम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

## गांव में आम रास्ता ब्लॉक करने पर हाईकोर्ट सख्त

### एसएचओ को निर्देश, रास्ता खुलवाएं, कांस्टेबल की ड्यूटी लगवाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सवाईमाधोपुर की बामनवास तहसील के गांव सीतोड़ (बड़ी झोपड़ी कसाना ढाणी) में आम रास्ते को ब्लॉक करने के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंडपीठ ने एसएचओ बामनवास को निर्देश दिए है कि वह तुरंत आम रास्ते को खुलवाएं।

इसके साथ ही वहां एक कांस्टेबल को नियुक्त करें, जिससे फिर से कोई रास्ता ब्लॉक नहीं कर सके। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि अगर आवश्यकता पड़े तो रास्ता ब्लॉक करने वालों के खिलाफ मामला भी दर्ज करें।

#### गंभीर मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता भवानी सैनी एवं कपिल चांवरिया ने अदालत को बताया कि जिस रास्ते को अवरूद्ध किया गया है वह रास्ता बड़ी झोपड़ी, कसाना ढ़ाणी में जाता हैं। यह 300 ग्रामीणों के आवागमन का एकमात्र रास्ता हैं।

रास्ता अवरूद्ध होने पर ग्रामीणों, विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों के लिए एम्बुलेंस तक ढ़ाणी में नहीं पहुंच पा रही हैं।

16 जनवरी को एडीएम गंगापुरसिटी के निर्देश के बाद भी रास्ता नहीं खुला। जिसके बाद ग्रामीणों ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की हैं। इस पर अदालत ने राज्य सरकार, कलक्टर, सवाईमाधोपुर सहित अन्य को नोटिस जारी करते हुए एसएचओ को तुरंत रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com




## समुद्री शक्ति का प्रतीक

### 22,000 नॉटिकल मील की यात्रा के दौरान ओमान पहुंची आईएनएस सुदर्शिनी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आईएनएस सुदर्शिनी ने ओमान के सलालाह बंदरगाह पर अपना पहला पोर्ट कॉल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। आईएनएस सुदर्शिनी 'लोकायन-26' नामक दस महीने की लंबी समुद्री यात्रा पर है। ओमान की यह यात्रा इस सफर का एक अहम पड़ाव था। भारतीय शिप अब यहां से आगे निकल चुका है। 'लोकायन-26' अभियान का मकसद दुनिया भर में भारत की समृद्ध समुद्री परंपरा और 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी सारी दुनिया एक परिवार है, के संदेश को फैलाना है। 'सुदर्शिनी' 10 महीने लंबी यात्रा के दौरान कुल 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों की यात्रा कर रहा है। पारंपरिक विधि से बना यह नौसैनिक शिप फ्रांस और अमेरिका जैसे देशों में आयोजित विशेष अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी शामिल होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार